दैनिक
# नवयत
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
वर्ष: 16 अंक 347 सीकर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## हाईकोर्ट ने कहा-कुप्रबंधन के कारण रोडवेज की वित्तीय स्थिति खराब

### ड्राइवर-कंडक्टर और मैकेनिक रोडवेज की रीढ़ की हड्डी, जायज भुगतान नहीं रोक सकते

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि ड्राइवर, कंडक्टर, सहायक कर्मचारी और यांत्रिक (मैकेनिक) कर्मचारी रोडवेज की रीढ़ की हड्डी हैं। ये सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के रख-रखाव के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे किसी भी कर्मचारी के वैध दावे को केवल इस आधार पर नकारा नहीं जा सकता कि रोडवेज के पास भुगतान के लिए पर्याप्त धन नहीं हैं। कोर्ट ने कहा- रोडवेज के कुप्रबंधन और पेशेवर प्रबंधन के अभाव में आज राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। इसका खामियाजा कर्मचारियों को नहीं उठाना चाहिए।

कोर्ट ने कहा-यदि सरकार आरएसआरटीसी के कुप्रबंधन के प्रति सतर्क है, तो उसे सबसे पहले आरएसआरटीसी के प्रशासनिक अधिकारियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए थी। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अदालत ने यह आदेश मोहन सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

#### साप्ताहिक अवकाश का भुगतान नहीं किया था

याचिकाकर्ता के वकील सुनील समदड़िया ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता ने अप्रेल 2014 में अजमेर डिपो में चालक पद से वीआरएस लिया था। रोडवेज की ओर से उसके सेवानिवृत परिलाभों का भुगतान नहीं करने पर मामला राष्ट्रीय लोक अदालत में गया।

लोक अदालत ने 12 दिसंबर 2015 को दोनों पक्षों में समझौता कराते हुए 6 फीसदी ब्याज सहित नौ महीने में बकाया भुगतान करने को कहा। इसके बाद भी रोडवेज ने कर्मचारी को साल 1998 से साल 2011 के बीच साप्ताहिक अवकाश का भुगतान नहीं किया।

## राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं आएगा

### भाजपा सांसद ने राहुल की सदस्यता खत्म करने का नोटिस दिया, कहा- वे गुमराह कर रहे

नई दिल्ली।

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, सरकार राहुल के खिलाफ सदन में उनकी स्पीच के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं लाएगी। इस पर प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदीजी ने छाती 56 इंच की नपवाई थी। उनके खिलाफ भी प्रस्ताव आना चाहिए। हालांकि, बीजेपी उनके (राहुल) भाषण से आपत्तिजनक हिस्से हटाने को लेकर अब भी अड़ी हुई है, क्योंकि उन्होंने अब तक अपने आरोपों को लेकर सबूत पेश नहीं किए हैं। बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने राहुल के बजट चर्चा के दौरान कहे गए कुछ अंशों को रिकॉर्ड से हटाने का औपचारिक नोटिस दिया है।

इससे पहले, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने ट्वीटर पर एक वीडियो पोस्ट किया है। जिसमें 4 फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र है। रिजिजू ने दावा किया है कि विपक्षी सांसदों ने प्रियंका गांधी की मौजूदगी में गालियां दीं।

## भारत ने एआई में बनाई वैश्विक पहचान, यूएस ट्रेड डील में किसानों के हित सुरक्षितः प्रियम गांधी मोदी

नई दिल्ली

अमेरिका -भारत व्यापार समझौते को लेकर चर्चाओं के बीच फ्यूचर इकोनॉमिक को-ऑपरेशन काउंसिल (एफईसीसी) की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रियम गांधी मोदी ने बताया कि भारत की वैश्विक स्थिति को लेकर कई बड़ी बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उससे जुड़े इकोसिस्टम के विस्तार में भारत आज दुनिया के शीर्ष तीन-चार देशों में शामिल है। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि संभावित ट्रेड डील में किसानों और डेयरी सेक्टर के हितों की पूरी तरह रक्षा की जाएगी। प्रियम गांधी मोदी ने बातचीत में बताया कि भारत ने एआई और उससे जुड़े इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक स्तर पर एआई और उससे जुड़े क्षेत्रों को तेजी से विकसित करने वाले शीर्ष तीन या चार देशों में शामिल है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सरकार को बधाई भी दी।

अमेरिका-भारत संभावित व्यापार समझौते को लेकर उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने के लिए हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश का स्वागत है, लेकिन समझौते की पूरी शर्तें अभी तय होनी बाकी हैं।

## राजस्थान में 25 शहरों में रात का तापमान बढ़ा : जयपुर में छाए बादल

जयपुर।

राजस्थान में सर्दी का असर कम होने लगा है। दिन-रात का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। हालांकि, जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार सुबह से बादल छाए हुए हैं। वहीं, बुधवार को राज्य के 25 शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर (डबल डिजिट) दर्ज हुआ। इससे इन शहरों में अब सर्दी का असर रात में कम होने लगा है। दिन में भी तापमान 25 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने और तेज धूप रहने से कुछ शहरों में हल्की गर्मी महसूस होने लगी। पिछले 24 घंटे में जयपुर, अजमेर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग के सभी शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। जबकि बीकानेर संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में कल दिन में हल्की धुंध, बादल से धूप कमजोर रही। बुधवार को दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस चित्तौड़गढ़ में दर्ज हुआ। जयपुर, जोधपुर में सबसे कम सर्दी-जोधपुर, जयपुर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 16.5 और 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में रात में सर्दी कम रही।

# विधानसभा में कांग्रेस विधायक ने किया अभद्र इशारा

## कैमरे में हुए कैद, पहले हाथ जोड़कर अभिवादन किया; फिर हंसते हुए किया इशारा

जयपुर।

विधानसभा में गुरुवार को शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा अभद्र इशारा करते हुए कैमरे में कैद हो गए। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा विधायकों को सरकारी कार्यक्रमों के लोकार्पण शिलान्यास का मुद्दा उठा रहे थे। रोहित बोहरा उनके पीछे बैठे थे। इस दौरान बोहरा ने किसी विधायक को हाथ जोड़कर अभिवादन किया, थोड़ी ही देर में उन्होंने हंसते हुए हाथ से अभद्र इशारा किया था। यह सब विधानसभा की लाइव फीड के कैमरों में भी कैद हो गया था। हालांकि विधानसभा सदन में अब तक किसी विधायक ने इस पर चर्चा नहीं की थी। देर शाम सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले कांग्रेस विधायक रफीक खान के भ्रष्टाचार के आरोपों पर विधानसभा में पक्ष-विपक्ष में जमकर नोकझोंक हुई थी। खान ने कहा कि- जयपुर में बिना पैसा कोई काम नहीं हो रहा। जयपुर शहर में छोटे मकान सील किए जा रहे हैं और बड़े बंगलों को छूट दी जा रही है। आरोपों पर भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने आपत्ति जताई तो दोनों ओर के सदस्यों में नोकझोंक हो गई थी।

#### कांग्रेस विधायक के वेल में आने पर स्पीकर ने जताई नाराजगी

कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा ने वेल में आकर की दौसा तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद बैरवा ने वेल में आकर नारेबाजी करने लगे तो स्पीकर ने नाराजगी जताई। विधानसभा में राइट टू हेल्थ एक्ट के नियमों से जुड़े सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बीच भी बहस हुई। वहीं, भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली ने अवैध खनन को लेकर अपनी ही सरकार को घेरा। प्रश्नकाल में सरकार ने स्पष्ट किया कि वो स्टेट हाईवे पर प्राइवेट गाड़ियों को टोल फ्री नहीं करेगी।

#### खनन माफिया को लेकर सवाल, टोल फ्री नहीं होंगे स्टेट हाईवे

प्रदेश के स्टेट हाईवे पर निजी वाहनों को सरकार टोल फ्री नहीं करेगी। भाजपा विधायक विक्रम बंशीवाल के सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि 14 मई 2018 को निजी हल्के वाहनों को स्टेट हाईवे से टोल मुक्त करने की अधिसूचना को 31 अक्टूबर 2019 को राज्य सरकार ने वापस ले लिया था। वहीं, भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली ने अवैध खनन माफिया पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने वन विभाग के अफसरों पर अवैध खनन माफिया से मिलीभगत के आरोप लगाए। कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा ने वेल में आकर नारेबाजी की। उन्होंने दौसा तहसीदार को हटाने की मांग की। बैरवा के हंगामे से नाराज स्पीकर ने बैरवा को अनुशासन में रहने की हिदायत दी।



#### बजट के बाद भी बड़ी घोषणाएं करने की परंपरा

बजट बहस शुरू होने से पहले विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी जाएगी। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग बीएसी के फैसलों का प्रतिवेदन पढ़कर सुनाएंगे। अगले सप्ताह डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दीया कुमारी बजट बहस का जवाब देंगी। बजट बहस का जवाब देते हुए भी कई बड़ी घोषणाएं करने की परंपरा रही है, ऐसे में उस समय कई घोषणाएं होने के आसार हैं।

## पीएम मोदी ने कहा : एमएसएमई, स्किलिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा पर जोर



नई दिल्ली

पीएम मोदी ने गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 की सराहना करते हुए इसे भारत के 'आर्थिक परिवर्तन' का ब्लूप्रिंट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सुधारों, छोटे उद्योगों, कौशल विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देता है और देश को नई विकास दिशा प्रदान करेगा।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, लोकसभा में अपने भाषण में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने इस बात का विस्तृत विवरण दिया कि इस वर्ष का बजट हमारे राष्ट्र के आर्थिक परिवर्तन में कैसे योगदान देगा। उन्होंने रिफॉर्म एक्सप्रेस, लघु एवं मध्यम उद्यमों को समर्थन, कौशल विकास, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों और अन्य बातों पर जोर दिया।

बीते 1 फरवरी को संसद में पेश किए गए इस बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर विशेष फोकस रखा गया है, जो देश की जीडीपी में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है। वित्त मंत्री ने एमएसएमई के लिए कर्ज की उपलब्धता बढ़ाने, नियमों को सरल बनाने और लक्षित प्रोत्साहन देने की घोषणा की है, ताकि छोटे उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ सकें और विस्तार कर सकें। उन्होंने कहा कि एमएसएमई भारत की विकास यात्रा की रीढ़ हैं और यह बजट उन्हें नवाचार और रोजगार सृजन के लिए आवश्यक सहयोग देगा।

### बजट पर वित्त मंत्री का जवाब

## लोकसभा से इण्डस्ट्रियल रिलेशन बिल पास

नई दिल्ली

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दिये नोटिस का विषय सदन में उठाया और इस पर चर्चा कराने की मांग की, विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर हुई सामान्य चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में सांसदों से अपनी अपनी राज्य सरकारों से बजट में घोषित योजनाओं में शामिल होने का आग्रह करने को कहा। उन्होंने कहा कि बजट में उठाए गए कदम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति हमारे संकल्प को साबित करते हैं। निर्मला सीतारमण ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में व्यय कटौती के विपक्ष के आरोपों का खंडन किया। सीतारमण ने कहा कि हम एक सशक्त शिक्षा से रोजगार और उद्यम स्थायी समिति की स्थापना कर रहे हैं जो यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे युवा सेवा क्षेत्र के लिए तैयार हों, जहां हमारा लक्ष्य 2047 तक वैश्विक बाजार का लगभग 10% हिस्सा हासिल करना है। हमने अगले पांच वर्षों में 1 लाख संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों को तैयार करने का लक्ष्य रखा है, और इस योजना के लिए अगले 12 महीनों के लिए कुल 1,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। विकसित भारत के तहत गठित उच्च स्तरीय बैंकिंग समिति बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा करेगी और इसे भारत के विकास के अगले चरण के अनुरूप ढालेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कोष कोई मुफ्त का पैसा नहीं है। यह हर भारतीय नागरिक की मेहनत से कमाई



गई धनराशि है। हम समय सीमा पूरी करने के लिए इस धन को व्यर्थ नहीं करेंगे। हमारी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और हम उसी का पालन करते हैं।

लोकसभा ने औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित किया। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहले खदान में काम करने वाले या सीवरेज साफ करने वाले श्रमिकों के लिए, कम से कम 10 कामगार वाले कंपनी के मजदूरों को ईएसआईसी में इलाज की सुविधा थी। लेबर कोड में खतरे वाले क्षेत्र के कामगार, यदी 10 से कम भी हों तो ईएसआईसी में ट्रीटमेंट की सुविधा मिलेगी। इस विधेयक में युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की गारंटी दी गई है। हर उस युवा को, जिसे नौकरी मिलेगी, हर हाल में उसको नियुक्ति पत्र देना होगा। उन्होंने कहा कि आज तक ऐसा होता था कि कोई 5 साल तक काम करता था, तभी उसे ग्रेच्युटी मिलती थी। अब लेबर कोड में एक साल काम करने पर भी ग्रेच्युटी की गारंटी है।

#### राज्यसभा की कार्यवाही

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कार्यस्थलों पर जाति आधारित भेदभाव को लेकर उच्च सदन में चिंता जताई और सरकार से ऐसे मामलों की समयबद्ध जांच का आग्रह किया। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि ओडिशा में एक समुदाय के लोग अपने बच्चों को दलित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बनाए गये भोजन का सेवन नहीं करने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक और संज्ञानात्मक विकास की नींव हैं।

सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए काम करने वाले लोगों और 'गिग' कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए उसने 12 कंपनियों से समझौते किए हैं ताकि उन्हें ईपीएफओऔर ईएसआईसी के दायरे में लाया जा सके।

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा को बताया कि देश का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र पहले सुरक्षा, तब उत्पादन के सिद्धांत का पालन करता है। उन्होंने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़ी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने का प्रयास करते हुए यह बात कही।

देश में हर दिन दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों में से कई की समय पर उपचार न मिलने से मौत होने पर चिंता जताते हुए राज्यसभा में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के हारिस बीरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बढ़ती असंवेदनशीलता सभ्य समाज के माथे पर एक धब्बा है। उन्होंने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि असंवेदनशीलता की यह स्थिति है कि गोवा में सड़क हादसे में घायल एक युवक की मौत होने के बाद, उसकी मदद के लिए गए पुलिसकर्मी पर पीड़ित का सामान गायब करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीनों सेनाओं को मिलेगा आधुनिक हथियारों का बड़ा पैकेज, राफेल डील पर मुहर

नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय की अहम बैठक में मल्टी-रोल फाइटर एयरक्राफ्ट राफेल की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही भारतीय वायुसेना को नए राफेल लड़ाकू विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। फ्रांस के साथ होने वाले इस सौदे समेत करीब 3.60 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है।

#### डीएसी बैठक में बड़े फैसले

नई दिल्ली में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (डीएसी) की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें वायुसेना के लिए राफेल फाइटर एयरक्राफ्ट, आधुनिक कॉम्बैट मिसाइलें और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड प्स्यूडो सैटेलाइट (एएस-एचएपीएस) खरीदने को मंजूरी दी गई। थलसेना के लिए एंटी-टैंक माइन, टी-72 टैंक, बीएमपी-2 और आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल्स के ओवरहॉल को भी स्वीकृति मिली।

#### वायुसेना की ताकत में इजाफा

राफेल जैसे आधुनिक लड़ाकू विमान वायुसेना को लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की क्षमता प्रदान करेंगे। बीते वर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल की मदद से पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अधिकतर विमान भारत में ही बनाए जाएंगे, जिससे 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलेगा। आधुनिक कॉम्बैट



मिसाइलें दुश्मन के ठिकानों पर दूर से सटीक वार करने में सक्षम होंगी, जबकि एएस-एचएपीएस प्रणाली निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और सैन्य संचार को मजबूत करेगी।

#### थलसेना के लिए आधुनिक हथियार

थलसेना के लिए एंटी-टैंक माइन 'विभव' को मंजूरी दी गई है, जो दुश्मन के टैंकों और भारी वाहनों को रोकने में प्रभावी होगी। इसके अलावा टी-72 टैंक, बीएमपी-2 और आर्मर्ड रिकवरी व्हीकल्स के ओवरहॉल से उनकी क्षमता और सेवा अवधि बढ़ेगी।

#### नौसेना और तटरक्षक बल को भी मजबूती

भारतीय नौसेना के लिए 4 मेगावॉट मरीन गैस टरबाइन आधारित इलेक्ट्रिक पावर जेनरेटर और लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी-8आई की खरीद को मंजूरी मिली है। पी-8आई विमान पनडुब्बी रोधी अभियान, समुद्री निगरानी और लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता को मजबूत करेंगे।

पावर जेनरेटर 'मेक-1' श्रेणी के तहत भारत में विकसित किए जाएंगे, जिससे विदेशी निर्भरता घटेगी। इसके अतिरिक्त, भारतीय तटरक्षक बल के डॉर्नियर विमानों के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इन्फ्रारेड सिस्टम की खरीद को भी मंजूरी दी गई है, जिससे समुद्री निगरानी और प्रभावी होगी।

#### सैन्य तैयारियों को नई मजबूती

रक्षा मंत्रालय का मानना है कि ये फैसले भारत की सैन्य तैयारियों को नई मजबूती देंगे और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

## पीएम मोदी से मिले रोल्स-रॉयस के सीईओ, रक्षा और एविएशन सहयोग को मिल सकती है नई रफ्तार



नई दिल्ली

लग्जरी कार निर्माता कंपनी रोल्स-रॉयस ने कहा है कि वह भारत में अपने कारोबार का विस्तार करना चाहती है। कंपनी रक्षा, नागरिक एविएशन और ऊर्जा क्षेत्र में नए कार्यक्रमों और साझेदारियों के जरिए अपनी उपस्थिति मजबूत करने की योजना बना रही है।

लड़ाकू जेट इंजन के सह-विकास की संभावना कंपनी अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान के इंजन के सह-विकास की संभावनाएं तलाश रही है। रोल्स-रॉयस और ब्रिटेन सरकार ने 120 ञ्ञ्ह क्षमता वाले लड़ाकू जेट इंजन को संयुक्त रूप से विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। इसे भारत के लिए स्वदेशी अगली पीढ़ी का इंजन विकसित करने की दिशा में तेज रास्ता माना जा रहा है। कंपनी के अनुसार, इस सह-विकास के तहत भारत को पूर्ण टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार मिलेंगे। इसके लिए भारत में डिजाइन और निर्माण की विशेष सुविधा स्थापित की जाएगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

#### तीनों सेनाओं के लिए 'मेक इन इंडिया' पर फोकस

रोल्स-रॉयस भारतीय सेना, नौसेना और तटरक्षक बल के लिए इंजन निर्माण भारत में ही करने पर विचार कर रही है। कंपनी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और उद्योगों के लिए पावर सॉल्यूशन उपलब्ध कराने की भी योजना बना रही है। इन पहलों के चलते भारत में रोल्स-रॉयस और उसके साझेदारों के साथ काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या दोगुनी होकर लगभग 10,000 तक पहुंच सकती है।

# सड़क पर खड़े सांड से टकराई बाइक, एक युवक की मौत

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के बडाऊ के पास देर रात को सड़क पर खड़े सांड से बाइक टकरा जाने से हादसा हो गया। इस दौरान हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। गुरूवार को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया गया। जानकारी के अनुसार बजावा निवासी नेकीराम 18 पुत्र श्रवण कुमार अपने मामा रामनगर निवासी राजेश कुमार के साथ बाइक पर बडाऊ से रामनगर की ओर जा रहा था। इस दौरान सड़क पर अचानक सांड आने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही गिर गई। हादसे में बाइक सवार दोनों घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को बडाऊ के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया। इस दौरान हादसे में घायल नेकीराम को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि राजेश का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना की सूचना पर खेतड़ी नगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। मृतक नेकीराम के पिता की भी दो साल पहले मौत हो चुकी है। मृतक नेकीराम गाड़ी पर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक के एक बेटी है। इस दौरान हादसे की सूचना पर गुरुवार सुबह परिजन खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पंहुचे तथा पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। एचसी रिशाली ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सेंट्रल जेल में बंदियों की भिड़ंत में एक बंदी घायल

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** लालकोठी थाना क्षेत्र स्थित कड़ी सुरक्षा वाली सेंट्रल जेल में बंदियों के बीच मारपीट की दो घटनाएं सामने आई हैं। झगड़े में एक विचाराधीन बंदी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया। मामले में जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर लाल कोठी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि जेल प्रशासन की शिकायत के अनुसार वार्ड नंबर ग्यारह की बैरक में विचाराधीन बंदी राहुल के साथ उसी सेल में बंद पुनीत, नरेंद्र, सचिन, कन्हैया, कोमल और योगेश ने मारपीट की। आरोप है कि बंदियों ने राहुल के साथ लात-घूंसे से मारपीट की और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर जेल अधिकारी मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त फोर्स बुलाकर झगड़ रहे बंदियों को काबू किया। सभी को स्पेशल सेल में शिफ्ट कर दिया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बुधवार को जेल के भीतर दो अलग-अलग बार गाली-गलौज को लेकर विवाद हुआ। सुबह बंदी राजेश और राहुल के बीच कहासुनी के बाद झगड़ा हुआ। इसके बाद दूसरी घटना में भी मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पूछताछ में सामने आया कि बंदी पुनीत हरियाणा की कौशल गैंग से जुड़ा है। उसका आरोप है कि विचाराधीन बंदी राहुल ने उसके भाई कौशल के लिए अपशब्द कहे। जिसके चलते मारपीट हुई। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है और मामले में शामिल बंदियों से पूछताछ जारी है। जेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सतर्कता बढ़ा दी है।

# एपस्टीन फाइल्स और प्रधानमंत्री के रुख के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एनएसयूआई राजस्थान की ओर से तथाकथित एपस्टीन फाइल्स के विरोध में तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समक्ष कथित आत्मसमर्पण करने के मुद्दे को लेकर 13 फरवरी शुक्रवार को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन शुक्रवार सुबह 11:30 बजे शहीद स्मारक पुलिस कमिश्नरेट जयपुर पर आयोजित होगा। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार विरोध कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यकर्ता काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। एनएसयूआई कार्यकर्ता नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी अपनी बात आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। संगठन ने कहा है कि यह प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी।

# 27 फरवरी को पोखरण में गूंजेगी वायुशक्ति-26

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय वायु सेना 27 फरवरी 2026 को जैसलमेर के पोखरण एयर-टू-ग्राउंड रेंज में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित युद्धाभ्यास वायुशक्ति-26 में अपनी सामरिक क्षमता और मारक ताकत का प्रदर्शन करेगी। इस अभ्यास में वायुसेना की त्वरित, प्रभावी और सटीक प्रतिक्रिया क्षमता को प्रदर्शित किया जाएगा।



इस अभ्यास के दौरान भारतीय वायु सेना दुश्मन पर त्वरित प्रहार, आरंभ से ही हवाई प्रभुत्व स्थापित करने और सामरिक अभियानों को रणनीतिक स्तर पर अंजाम देने की अपनी दक्षता दिखाएगी। साथ ही देश के भीतर और विदेशों में संघर्ष क्षेत्रों में त्वरित हवाई सहायता, बचाव एवं निकासी रेस्क्यू और इवैक्यू, शन तथा मानवीय सहायता और आपदा प्रबंधन में निभाई जाने वाली भूमिका को भी प्रदर्शित किया जाएगा। वायुशक्ति-26 में तेजस, राफेल, जगुआर, मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआईए मिग-29 और हॉक जैसे लड़ाकू विमान शामिल होंगे। इसके अलावा सी-130जे, सी-295, सी-17 जैसे परिवहन विमान तथा चेतक, एएलएच एमके-प्टए मि-17 प्टए एलसीएचए अपाचे और चिनूक हेलीकॉप्टर भी अपनी क्षमता दिखाएंगे। रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट आरपीए भी अभ्यास का हिस्सा होंगे। अभ्यास में शॉर्ट रेंज लॉइटरिंग म्यूनिशन्स, आकाश और स्पाइडर मिसाइल प्रणाली तथा काउंटर अनमैन्ड, दरियल सिस्टम्स सीयूएएस जैसे उन्नत हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा। मिशन दिन, शाम और रात-तीनों परिस्थितियों में संचालित किए जाएंगे, जिससे त्रि.आयामी युद्ध क्षमता का प्रदर्शन होगा। वायुशक्ति-26 में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भी रेखांकित किया जाएगा, जो लंबी दूरी तक सटीक मार, हवाई क्षेत्र में प्रभुत्व और बहु.क्षेत्रीय अभियानों में वायुसेना की निर्णायक क्षमता को दर्शाता है। यह अभ्यास आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा के अनुरूप स्वदेशी प्लेटफॉर्म और प्रणालियों की बढ़ती भूमिका को भी सामने लाएगा।

अचूक, अभेद्य और सटीक मूल्यों से प्रेरित यह अभ्यास भारतीय वायु सेना की पेशेवर दक्षता और राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को पुष्ट करेगा। वायुशक्ति-26 के माध्यम से वायुसेना देश को यह संदेश देगी कि वह हर चुनौती का सामना करने और राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# जेकेके में 16 से 18 फरवरी तक सजेगी 64 योगिनी पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी एका द वन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा और समकालीन कला के अद्भुत संगम को साकार करती राष्ट्रीय ट्रैवलिंग एग्जिबिशन एका द वन कोच्चि, कोयंबटूर, बेंगलुरु, मुंबई, भोपाल और अहमदाबाद में अपनी सफल प्रस्तुतियों के बाद अब जयपुर आ रही है। 16 से 18 फरवरी तक जवाहर कला केंद्र की अलंकार दीर्घा में आयोजित प्रदर्शनी में केरल की वरिष्ठ चित्रकार डॉ. बीना एस उन्नीकृष्णन द्वारा तैयार कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। कला प्रेमियों को पेंटिंग्स में साकार 64 योगिनियों के दिव्य स्वरूप से आध्यात्मिक चेतना और समकालीन अभिव्यक्ति के अनोखे संगम का साक्षात्कार करने का



अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी रोजाना 11 बजे से शाम 7 बजे तक कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर प्रदर्शनी के साथ ही कलाकार द्वारा तैयार डॉक्यूमेंट्री वाई 64 व्हिस्पर्स ऑफद अनसीन का भी प्रदर्शन किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रदर्शनी में चित्रकार डॉ. बीना द्वारा पिछले 5 वर्षों की मेहनत और निष्ठा से तैयार किए गए 68 एकल चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। डॉ. बीना ने बताया कि इन चित्रों में आदिशक्ति कि दिव्य अभिव्यक्तियों को 64 योगिनियों के स्वरूप में कैनवास पर उकेरा गया है जो फेमिनाइन एनर्जी में निहित कोमलता, रचनात्मकता और आत्म.प्रेम के गुणों को दर्शाते है। डॉ. बीना उन्नीकृष्णन एक सामाजिक उद्यमी, कलाकार और सांस्कृतिक चिंतक हैं। तीन दशकों से अधिक के अपने बहुआयामी करियर में उन्होंने कला, उद्यमिता, फिल्म मेंकिंग, लेखन और आध्यात्मिक संवाद के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे कंकाली ट्रस्ट फॉर आर्ट्स एंड कल्चरल इकोनॉमिक डेवलपमेंट की संस्थापक हैं, जो वंचित कलात्मक धाराओं को सशक्त बनाने और रचनात्मक क्षेत्र में लैंगिक समावेशन को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत है। एका : द वन केवल एक कला प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक आंतरिक यात्रा है, जहां दर्शक कला के माध्यम से शक्ति, संतुलन और चेतना के गहरे अर्थों से जुड़ सकते हैं। जयपुर वासियों के लिए यह अवसर भारतीय आध्यात्मिक विरासत को समकालीन दृष्टि से देखने और अनुभव करने का एक दुर्लभ अवसर है।

# केटीएसएस श्रमिक संगठन ने दो घंटे कार्य का किया बहिष्कार

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केन्द्रीय श्रम संगठनों के आह्वान पर गुरुवार को केसीसी प्रोजेक्ट के मुख्य गेट के सामने विभिन्न मांगों को लेकर खेतड़ी ताम्बा श्रमिक संघ के कार्यकर्ताओं ने केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी के नेतृत्व में सभी परियों में दो दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्य गेट पर नारेबाजी कर विरोध जताया है। केटीएसएस महामंत्री बिड़दूराम सैनी ने बताया कि केन्द्रीय श्रम संघों के इस हड़ताल का निर्णय सरकार द्वारा 4 श्रम संहिताओं को लागू करने का 21 नवम्बर 2025 को किए नोटिफिकेशन तथा श्रम शक्ति नीति 2025 की वजह से लेना पड़ा। जिसके चलते भारत का मजदूर वर्ग पिछले 100 वर्षों से संघर्ष कर जो हासिल किया है उन्हें कम तथा खत्म कर देगी।

इनके द्वारा नियोजकों की जिम्मेदारी व सजाओं में भारी छूट दी गई है जबकि मजदूरों एवं यूनियनों के लिए जिम्मेदारी व सजाओं का कड़ा प्रावधान किया गया हैं। यूनियन बनाना, चलाना कठिन कर दिया है एवं बार्गनिंग पॉवर बहुत कमजोर कर दिया है। जांच व कार्यवाही के अधिकार को खत्म बराबर कर दियाए कानूनों की कवरेज से बड़ी संख्या में कामगारों को बाहर कर दिया। कारखाना की परिभाषा में कामगारों की संख्या 10 से 20 बिजली सहित तथा 20 से 40 बिना बिजली, छटनी बन्दी व स्थायी आदेशों में 100 से 300 कर दिया है। इस परिस्थिति व निर्णय के तहत खेतड़ी कॉपर कॉम्पलेक्स में स्थायी कामगारों व ठेका कामगारों, उद्योग व जिले की मांगों के लिए हड़ताल का नोटिस दिया गया था। चार फरवरी क्षेत्रीय श्रम आयुक्त केंद्रीय जयपुर एवं नो फरवरी को उपमुख्य श्रमायुक्त केंद्रीय अजमेर कैंप जयपुर में समझौता वार्ता हुई साथ ही एचसीएल के प्रबंधन के विचार विमर्श को देखते हुए पूरे दिन कि हड़ताल की जगह प्रत्येक पारी में दो दो घंटे का कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन में केटीएसएस श्रमिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित विभिन्न ठेका कर्मियों के श्रमिकों ने भाग लिया।

# गोविंददेवजी मंदिर में रचना झांकी के साथ हुआ होली महोत्सव का आगाज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी के आराध्य देव श्री गोविंददेवजी मंदिर में रचना झांकी के साथ होली महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया है। फागोत्सव की शुरुआत के साथ ही मंदिर परिसर भक्ति और उल्लास के रंगों से सराबोर हो उठा है। होली पर्व तक प्रतिदिन ठाकुरजी की मनोहारी लीलाओं के दर्शन विशेष रचना झांकियों के माध्यम से कराए जाएंगे। रचना झांकी मंदिर की पारंपरिक और अत्यंत आकर्षक प्रस्तुति मानी जाती है। इसमें ठाकुरजी को रंग.बिरंगी गुलाल से सजी विशेष पोशाक धारण कराई जाती है तथा सूती कपड़े पर प्राकृतिक रंगों से सुंदर मंडाणे सजा, जाते हैं। झांकी में राधा-कृष्ण के संग होली खेलने का प्रतीकात्मक दृश्य साकार किया जाता है, जिससे भक्तों को ब्रज की फाग परंपरा का सजीव अनुभव होता है। मंदिर प्रशासन के अनुसार 1 मार्च तक विशेष रचना झांकी के दर्शन कराए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजभोग झांकी का समय 15 मिनट बढ़ाया गया है। अब राजभोग झांकी सुबह 10:45 से 11:45 बजे तक रहेगी, जिसके बाद रचना झांकी के दर्शन होंगे। उत्सव के प्रथम दिन 25 प्रकार की प्राकृतिक गुलाल से सजी विशेष झांकी में ठाकुरजी की विविध लीलाओं का दर्शन कराया गया। प्राकृतिक रंगों की सुगंध और भव्य साज-सज्जा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं। मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में प्रतिदिन सुबह के



समय विशेष रचना झांकी सजाई जा रही है। साथ ही राजभोग के साथ इस झांकी का समय तय किया गया है। व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए मंदिर प्रशासन ने दर्शन पंक्तियों और समय प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। गोविंददेवजी मंदिर का यह फागोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और परंपरा का उत्सव है. रंग-गुलाल से सजे ठाकुर जी के दर्शन भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद का अनुभव बन रहे हैं। होली पर्व तक चलने वाला यह उत्सव जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर कल करेंगे जनसुनवाई



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम एवं शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल 14 फरवरी शनिवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक सहायक पुलिस आयुक्त एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा में उपस्थित रह कर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान झोटवाड़ा सर्किल के पुलिस थाने झोटवाड़ा, करधनी, खोराबीसल, कालवाड़ एवं मुरलीपुरा क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है।

# राठौड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर 51 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** समाजसेवी स्व. पाबूदान सिंह राठौड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर योगी आसन में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगी आसन के महंत गंगानाथ महाराज के सानिध्य समाजसेवी स्व. पाबूदान सिंह राठौड़ के पुत्रों भवानी सिंह राठौड़ व एडवोकेट सूरज सिंह राठौड़ द्वारा जरूरतमंदों को 51 गर्म कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर वीरबहादुर सिंह राठौड़, अजमाल सिंह राठौड़ आदि लोग मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि पर बदलेगी तीन ग्रहों की चाल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि 15 फरवरी को ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है। क्योंकि इस दिन तीन महत्वपूर्ण ग्रह अपनी चाल बदलेंगे, जो सभी राशियों के जीवन पर प्रभाव डालेंगे। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि मंगल श्रवण नक्षत्र से निकलकर धनिष्ठा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, चंद्रमा शनि की राशि मकर में गोचर करेंगे और बुध ग्रह रात में शतभिषा नक्षत्र से पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में गोचर करेंगे। इतना ही नहीं, इस दिन बुध ग्रह अपनी दिशा बदलकर दक्षिणावर्ती से उत्तरवर्ती होंगे, जिसे ज्योतिष में काफी शुभ माना जाता है। इन ग्रहों की चाल में बदलाव का प्रभाव सभी राशियों पर पड़ेगा, लेकिन विशेष रूप से सात राशियों के लिए यह दिन बेहद फलदायी साबित होगा। कहा जाता है कि इस अवसर पर शिव की विशेष कृपा इन राशियों के ऊपर रहेगी और उनके जीवन में धन, सफलता और समृद्धि के नए अवसर उत्पन्न होंगे। मेष राशि के जातकों के लिए यह समय नई ऊर्जा और सकारात्मक अवसर लेकर आएगा। करियर और व्यवसाय में अचानक लाभ मिलने की संभावना है और लंबे समय से रुके हुए काम इस समय पूरे हो सकते हैं। घर में सुख.शांति बनी रहेगी और परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। धन की स्थिति मजबूत रहेगी और आपकी मेहनत का फल जल्दी ही दिखाई देगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगाए लेकिन लंबे काम और तनाव से बचने के लिए थोड़ा आराम लेना आवश्यक होगा। इस समय किसी नए निवेश या पैसे से जुड़े निर्णय सोच.समझकर लेंए ताकि भविष्य में फायदे के



अवसर बनें। मिथुन राशिरूमिथुन राशि के जातकों के लिए यह समय बदलाव और सफलता लेकर आएगा। नौकरी या व्यवसाय में कोई बदलाव आपके लिए लाभकारी साबित हो सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रयास सफल रहेंगे और मनोवांछित परिणाम मिलेंगे। परिवार में प्रेम और सहयोग बना रहेगा और मानसिक तनाव कम रहेगा।

आप खुद को आत्मविश्वासी महसूस करेंगे। इस समय नए कौशल सीखना या किसी प्रशिक्षण में भाग लेना भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कर्क राशिरूकर्क राशि के जातकों के लिए यह समय बेहद शुभ रहेगा। घरेलू मामलों में मनचाही सफलता प्राप्त होगी और माता-पिता या बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद भी मिलेगा। वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और पुराने आर्थिक तनाव दूर होंगे। यात्रा के लिए यह समय अनुकूल है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन समय-समय पर आराम करना आवश्यक है। परिवार के साथ अधिक समय बिताने से मानसिक शांति और खुशियों में वृद्धि होगी। सिंह राशिरू सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय करियर में लाभ और समाज में मान-सम्मान बढ़ाने वाला रहेगा। पुराने निवेश या संपत्ति से लाभ मिलने की संभावना है। शिक्षा और बच्चों के मामलों में भी सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। मित्र और परिवार का सहयोग आपके लिए सहायक रहेगा। व्यापार या नौकरी में नए प्रस्तावों पर ध्यान दें, क्योंकि इस समय लाभ की संभावना अधिक है। तुला राशिरूतुला राशि के जातकों के लिए यह समय नए अवसर और खुशियाँ लेकर आएगा। जीवनसाथी और परिवार के साथ संबंध मजबूत रहेंगे। व्यापार या पेशेवर क्षेत्र में नई योजनाएं सफल होंगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा और मानसिक संतुलन बना रहेगा। यात्रा और शौक के लिए समय अनुकूल है। इस समय अपने लक्ष्यों को लिखकर प्राथमिकता देना लाभकारी साबित होगा। मकर राशिरूमकर राशि के जातकों के लिए यह समय भावनात्मक और आर्थिक रूप से सशक्त रहने वाला है। पुराने विवाद सुलझ सकते हैं और परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। धन लाभ के नए अवसर सामने आएंगे और नए काम शुरू करने के लिए यह समय अनुकूल है। दोस्तों और सामाजिक संपर्क में वृद्धि होगी। अपने विचारों और योजनाओं को लिखकर उनका पालन करना इस समय लाभकारी रहेगा। मीन राशिरूमीन राशि के जातकों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। नौकरी या व्यवसाय में बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। पुराने कर्ज या परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। शिक्षा और कौशल क्षेत्र में सफलता मिलेगी और मित्र व परिवार का सहयोग आपके लिए सहायक साबित होगा। वित्तीय मामलों में साफसफाई और रिकॉर्ड रखना भविष्य में फायदे का कारण बनेगा। इस समय अपने प्रयासों को सही दिशा में लगाने से लंबे समय के लिए लाभ सुनिश्चित होगा।

# विधानसभा और सचिवालय क्षेत्र में धारा 163 लागू

## पांच से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर रोक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के सचिवालय और विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों, छात्र संगठनों और कर्मचारी संघों द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं । इन प्रदर्शनों में होने वाली उत्तेजक नारेबाजी और भीड़ से लोक शांति भंग होने तथा जान-माल की सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है। इसी के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 12 फरवरी 2026 की सुबह से 12 अप्रैल 2026 की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्टेच्यू सर्किल से राजस्थान विधानसभा तक का जनपथ, विधानसभा भवन के चारों तरफ का क्षेत्र और राजस्थान सचिवालय परिसर का पूरा इलाका इस दायरे में आएगा। इसके अलावा सिविल लाइंस क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग से राजभवन सर्किल, राम मंदिर सर्किल से हवा सड़क और अजमेर रोड टी-पॉइंट तक की सड़कों व फुटपाथों पर भी पाबंदी लागू रहेगी। इन क्षेत्रों में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक समूह के रूप में एकत्रित नहीं हो सकेंगे । वहीं किसी भी प्रकार के धरने, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, आमसभा या मार्ग अवरु करने वाली गतिविधियों पर पूर्ण रोक रहेगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति शस्त्र, लाठी, डंडा या घातक हथियार लेकर नहीं चल सकेगा। साथ ही नारेबाजी और लाउडस्पीकर के प्रयोग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कोई शिष्टमंडल राज्यपाल को ज्ञापन देना चाहता है तो अनुमति मिलने के बाद अधिकतम 4 व्यक्ति ही वहां जा सकेंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने बताया कि नवीनतम सूचनाओं के अनुसार सचिवालय और विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों, छात्र संगठनों और कर्मचारी संघों द्वारा लगातार धरना-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इन प्रदर्शनों में होने वाली उत्तेजक नारेबाजी और भीड़ से लोक शांति भंग होने तथा जान.माल की सुरक्षा को खतरा होने की आशंका है।

# महिला तस्कर को 1.93 ग्राम स्मैक के साथ किया गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कालवाड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाण्डी नदी के सूखे बहाव क्षेत्र में घेराबंदी कर एक महिला तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से 1.93 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। फिलहाल आरोपित महिला से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कालवाड़ थाना पुलिस को बाण्डी नदी क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर दबिश देकर रीना सांसी 36 पत्नी राजेश सांसी निवासी पूजा विहार विस्तार कालवाड को धर दबोचा। पुलिस टीम ने जब आरोपित महिला की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1.93 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस अब महिला से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह यह नशा कहाँ से लाई थी और क्षेत्र में किन.किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी। पुलिस टीम में उप-निरीक्षक श्रवण कुमार, हेड कांस्टेबल शेर सिंह, कांस्टेबल हीरालाल और महिला कांस्टेबल शम्भू शामिल थे।

# 10वीं बोर्ड परीक्षा शुरू : 650 छात्र उपस्थित रहे



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा गुरुवार को शुरू हुई। इंग्लिश विषय का पेपर सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक आयोजित किया गया। राजलदेसर के 3 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में संपन्न हुई। राजलदेसर में कुल 656 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 650 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 6 छात्र अनुपस्थिति पाए गए। विभिन्न परीक्षा केदो पर उपस्थिति इस प्रकार से रही राजकीय सीनियर सेकंडरी विद्यालय में 279 में से 278 विद्यार्थी उपस्थित रहे। पीएम श्री राजकीय बालिका विद्यालय में 162 में से 161 विद्यार्थी उपस्थित रहे वहीं स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान केंद्र में 215 में से 211 विद्यार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न करवाने के लिए समस्त केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था की गई।

# ग्रामीणों का 72 दिनों से अनिश्चिकालीन धरना जारी



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तहसील के बादेड़ गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर पिछले 72 दिनों से ग्रामीणों का अनिश्चित काल धरना जारी है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को बड़ी संख्या में एकत्र होकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बादेड़ गांव को ग्राम पंचायत मुख्यालय नहीं बनाए जाने पर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदेशाध्यक्ष गोपीराम बिजारणियां व किसान नेता नाथूराम ठोलिया ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है। अब परेशान ग्रामीण चक्काजाम करने सड़कों पर उतरने वाले हैं इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी। प्रशासक प्रतिनिधी बजरंग लाल ठोलिया ने बताया कि जनसंख्या की दृष्टि से ग्राम बादेड बड़ा गांव है। आबादी घनत्व एवं वोटर लिस्ट के अनुसार भी बादेड़ पंचायत मुख्यालय बनाए जाने की सभी शर्तों को पूरा करता है। किसान नेता पन्नालाल भामू ने कहा कि सरकार ने ग्रामीणों का पक्ष सुने बिना ही अपना मनमाना फैसला ग्रामवासियों पर थोपने का काम कर रही है जिसके चलते किसानों ने ग्रामीणों के पक्ष में नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया है।

# वेतन विसंगति रिपोर्ट के पुनर्परीक्षण का स्वागत : अन्य मांगों पर चुप्पी से कर्मचारियों में असंतोष

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने राज्य बजट 2026 पर कर्मचारियों की ओर से मिली-जुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र राणा और महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह ने कहा कि बजट में नियमित और अनियमित कर्मचारियों को अपेक्षित राहत नहीं मिली। जिससे निराशा है। उन्होंने बताया कि पिछले 20 वर्षों से लंबित वेतन विसंगतियों पर खेमराज कमेटी की पूर्व प्रकाशित रिपोर्ट में किसी भी संवर्ग की मूल वेतन विसंगति दूर करने की सिफारिश नहीं किए जाने से कर्मचारियों में नाराजगी थी। ऐसे में महासंघ की मांग पर रिपोर्ट के पुनर्परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर सैलरी एवं पेंशन अकाउंट बीमा लागू करने के निर्णय का स्वागत किया गया है। महासंघ प्रवक्ता जितेंद्र चौधरी ने कहा कि 50 प्रतिशत पेंशन के लिए पूर्व संविदा सेवा अवधि को नियमित सेवा में नोशनल गड़ना में शामिल करने, नियमित सेवा अवधि को 25 वर्ष से घटाकर 20 वर्ष करने, संविदानिविदा/मानदेय कर्मियों के नियमितीकरण एवं वेतन वृद्धि, 9/18/27 वर्ष की एसीपी को 7/14/21 वर्ष करने, पदनाम परिवर्तन, पारदर्शी स्थानांतरण नीति और पदोन्नति पदों में वृद्धि जैसी मांगों पर बजट में कोई घोषणा नहीं की गई। महासंघ ने कहा कि इन ज्वलंत मुद्दों पर सरकार की चुप्पी से कर्मचारियों में असंतोष और गहरा गया है। संगठन ने मुख्यमंत्री से इन मांगों पर संवेदनशीलता से विचार कर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है।

# प्रतिलिपि दिलवाने की मांग

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निर्मला देवी नामक महिला ने जिला कलक्टर चूरू को एक परिवाद भेजकर नगरपरिषद सुजानगढ़ से नकल दिलवाने की गुहार लगाई है। ईमेल के जरिये भेजे परिवाद में निर्मला देवी ने बताया है कि कई महीनों से पत्रावली की प्रतिलिपि नहीं दी जा रही है। जबकि पट्टा संख्या 984 मेरी पारिवारिक सम्पति से सम्बंधित पट्टा है और इससे मेरे हित जुड़े हुए हैं। अतः मुझे जल्द से जल्द इसकी पत्रावली की प्रतिलिपि देने के लिए नगरपरिषद को पाबंद किया जावे।

# प्रदेश की 3 हजार 174 गौशालाओं को वर्ष 2025-26 में 784.43 करोड़ रूपये की सहायता : गोपालन मंत्री

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राजस्थान गौ संरक्षण एवं संवर्धन निधि नियम के तहत पात्र गौशालाओं में संधारित गौवंश को चारा-पानी, पशु आहार और आधारभूत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए सहायता राशि दी जाती है तथा चिकित्सकीय कार्य नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था द्वारा किया जाता है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में वर्ष 2024-25 के द्वितीय चरण के तहत 3 हजार 174 पात्र गौशालाओं में संधारित गौवंश के लिए 784.43 करोड़ रूपये की सहायता दी गई है। गोपालन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक हंसराज पटेल द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति नंदीशाला जन सहभागिता योजना के तहत निराश्रित या नर गौवंश को आश्रय प्रदान करने के लिए राज्य की प्रत्येक पंचायत समिति मे आधारभूत परिसंपतियों के निर्माण हेतु 1 करोड़ 57 लाख रुपए का प्रावधान है। इसमें राज्य सरकार द्वारा अनुदानित और 3 साल का अनुभव रखने वाली गौशालाएं आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने पंचायत समिति नंदीशाला जनसहभागिता योजना में प्रदेश में खोली गई 70 नंदिशालाओं और इसके लिए 70.02 करोड़ रुपए आवंटित राशि का विवरण सदन के पटल पर रखा। इससे पहले सदस्य के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गोपालन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्टाम्प ड्यूटी एवं शराब पर अधिभार से प्राप्त राजस्व से पंजीकृत गौशालाओं को अनुदान दिया जाता है। इसके तहत वर्ष 2022 में प्राप्त राजस्व 1058.03 करोड़ रुपए में से 750.87 करोड़ रुपए, वर्ष 2023 में प्राप्त राजस्व 1210.82 करोड़ रुपए में से 733.15 करोड़ रुपए, वर्ष 2024 में प्राप्त राजस्व 1374.76 करोड़ रुपए में से 1232.53 करोड़ रुपए और वर्ष 2025 में प्राप्त राजस्व 1558.32 करोड़ रुपए में से 1280.28 करोड़ रुपए की सहायता राशि गौशालाओं को दी गई। उन्होंने बताया कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समितियों में पंचायत समिति नंदी शाला जन सहभागिता योजनान्तर्गत तीन बार निविदाएं आमंत्रित की गई जिसमें एक निविदा प्रस्ताव प्राप्त हुआ लेकिन विभागीय गाइड लाइन व ई-बोली की शर्तों की पूर्ति नहीं करने के कारण संस्था अपात्र होने से नंदीशाला की स्थापना नहीं की जा सकी।

# अभिनन्दन समारोह व धन्यवाद सभा आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** ग्राम चंगोई में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने हडियाल सरपंच राकेश शर्मा का सर्व समाज द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। साथ ही चंगोई ग्राम को नई ग्राम पंचायत बनाने पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के सम्मान में धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा जिलामहामंत्री व युथ हॉस्टल आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़, भाजपा नेता महावीर पूनिया, जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल सहित पार्टी के गणमान्य नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच रेनू कवर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी समाजों को साथ लेकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया। पराक्रम सिंह राठौड़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को आने वाले नगर निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव मेंभाजपा का परचम लहराना है। भाजपा नेता महावीर पूनिया ने चुरू जिले को मरुस्थलीय जिला घोषित करवाने पर राजेंद्र राठौड़ का और चंगाई को नव ग्राम पंचायत बनने पर उनका साधुवाद प्रकट किया। उन्होंने बताया की नई पंचायत के गठन से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और गांव में वांछित मूलभूत सुविधाओं का विकास होगा। कार्यक्रम का आयोजन गांव के युवा राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट आशीष दाधीच सात्यूं ने किया। इस अवसर पर पार्षद हरि इंदौरिया, वासुदेव शर्मा, विशाल शर्मा, लीलाधर बागोरिया, सुमेर सिंह सोनगरा, कान सिंह, रविशर्मा, संजय शर्मा, रामचन्द्र शर्मा एबजरग सिंह, गणपत सिंह, सुभाष खीचड़, मानसिंह, नंदुसिंह, जीतु सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# बच्चों को बाल सुरक्षा व डिजिटल के प्रति किया जागरूक



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी की राउमावि में बुधवार को बाल सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा, जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार, सहमति कंसेंट की समझ तथा किसी भी असुरक्षित स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों की जानकारी देना था। प्रशिक्षु माहीका बेनीवाल ने बताया कि मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा बच्चों को सुरक्षित एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से बाल सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत पूर्व में माहीका बेनीवाल द्वारा राउमावि मानोता कला में जागरूकता सत्र लिया गया था। जागरूकता कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को इंटरनेट व सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने, किसी को भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की असहज स्थिति में अपने अभिभावकों, शिक्षकों या किसी विश्वसनीय व्यक्ति से संवाद करना कितना महत्वपूर्ण है के बारे में बताया।

प्रधानाचार्य ब्रह्मानंद दोचनिया ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशील बराबर होती रहनी चाहिए जिससे बच्चों को सुरक्षा के प्रति समझ, आत्मविश्वास और सकारात्मक डिजिटल आदतों को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं।

# नए विधेयकों की प्रतियां जलाकर किसानों ने जताया आक्रोश

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत लाडनूं उपखंड कार्यालय के सामने किसान सभा के नेतृत्व में किसानों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए विधेयकों के विरोध में जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने बीज कानून-2025, बिजली विधेयक, नरेगा का नाम बदलकर जी रामजी योजना किए जाने, मजदूर संहिता तथा भारत अमेरिका व्यापारिक डील के खिलाफ विधेयकों की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। किसान सभा सचिव मदनलाल बेरा ने कहा कि इन नए कानूनों के लागू होने से किसानों और मजदूरों के अधिकारों का हनन होगा। उन्होंने कहा कि इससे देश में आर्थिक मंदी बढ़ेगी जिसका असर आमजन पर पड़ेगा तथा भारत की विदेश नीति भी प्रभावित होगी।

उन्होंने केंद्र सरकार से इन जनविरोधी कानूनों को तत्काल संशोधित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान जाट महासभा अध्यक्ष नाथूराम ठोलिया ने कहा कि किसान और मजदूर पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं, ऐसे में ये नए कानून उनकी समस्याओं को और बढ़ाएंगे। जाट महा प्रदेशाध्यक्ष गोपीराम बिजारणियां ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष पन्नालाल भामु, प्रदेश अध्यक्ष गोपीराम बिजारणिया, ज्ञानाराम मेहरिया, दुर्गाराम खीचड़, नाथूराम ठोलिया, कॉमरेड रूपाराम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर निकलेगी भगवान शंकर की भव्य बारात

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में महाशिवरात्रि पर इस वर्ष भी राजलदेसर सेवा फाउंडेशन के द्वारा भगवान शंकर की भव्य बारात निकाली जाएगी। 15 फरवरी को उतर भूतनाथ मंदिर में प्रात: 9:30 बजे शिव श्रृंगार किया जाएगा। शिव बारात शाम 4 बजे उतर मुक्तिधाम से रवाना होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए टांटिया शिवालय पहुँचेगी। जहां पर शिव-पार्वती का विवाह संपन्न करवाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित देवकीनंदन दाधीच ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शिवालय में दिन भर पूजा अर्चना, चार प्रहर पूजा, भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों से चल रही है।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए विशेष शिविर आज व कल

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जोधपुर डिस्कॉम की ओर से तारानगर एईएन कार्यालय में बिजली उपभोक्ताओं के लिए विशेष पंजीयन शिविर लग रहे है। एईएन ओमप्रकाश ने बताया कि शिविर में 150 यूनिट प्रतिमाह नि:शुल्क बिजली योजना व पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहरी उपभोक्ताओं से आवेदन लेकर उनका पंजीकरण किया जाएगा। 13 फरवरी को सात्यूएचगोई व तारानगर में वंही 14 फरवरी को आनंदसिंहपुरा, लूणास व तारानगर में शिविर आयोजित होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर अटल सेवा केन्द्र में व तारानगर शहर में एईएन कार्यालय में सुबह 10 से पांच बजे तक शिविर लगेंगे।

# टॉप टेन में चिन्हित 10 हजार का इनामी आरोपी धरा

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** सीआई शिंभू दयाल मीणा के नेतृत्व में हत्या के प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई करते हुए टॉप-10 में चिन्हित ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। एसपी ऋचा तोमर के निर्देशन में लाडनूं पुलिस द्वारा हत्या के प्रकरण में दो वर्षों से फरार चल रहे टॉप-10 में चिन्हित 10,000 के ईनामी आरोपी दिलीप नाथ को गिरफ्तार किया गया। सीआई शिंभू दयाल ने बताया कि 19 फरवरी 2024 को किशोर पुत्र अमराराम, बावरी, निवासी खामियाद ने रिपोर्ट पेश की कि 18 फरवरी 2024 को मेरे भाई प्रेमाराम को कुछ लोग आकर घर से उठा कर कैम्पर गाड़ी में डाल कर ले गये। बाद में मेरे भाई को मार कर रात को रोड़ पर फेक कर चले गये। अनुसंधान प्रारम्भ किया गया, प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में घटना का खुलासा कर तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया गया न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। प्रकरण में वांछित तीन मुलजिम करीब दो वर्षों से फरार चल रहे थे जिन पर जिला एसपी द्वारा 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था।

# रामपुरा में निरंकारी सत्संग का भव्य आयोजन

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** रामपुरा गांव में महात्मा ओमप्रकाश सैनी के निवास पर उनके बच्चों के विवाह उपलक्ष्य में निरंकारी मिशन द्वारा एक भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सरदारशहर से पधारे श्रद्धेय डॉक्टर कंचन शर्मा के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया और सत्संग के माध्यम से जीवन की उच्च शिक्षाओं को आत्मसात किया। अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए डॉक्टर कंचन शर्मा ने निरंकारी मंडल के चौथे वचन गृहस्थ जीवन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रस्त जीवन का सफलतापूर्वक निर्वहन करना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि हम भरत जी के जीवन को समझ लें, तो भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन की मर्यादा अपने आप स्पष्ट हो जाती है। उन्होंने बताया कि गृहस्थ जीवन मर्यादा, जिम्मेदारी और समर्पण का जीवन होता है। उन्होंने आगे कहा कि राजा जनक इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं, जिन्होंने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी विदेही की अवस्था प्राप्त की और महान ऋषि सुखदेव मुनि को ब्रह्मज्ञान प्रदान कर उन्हें आत्मज्ञान के मार्ग पर अग्रसर किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि भक्ति और ज्ञान केवल सन्यास में ही नहीं, बल्कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी प्राप्त किए जा सकते हैं। इस अवसर पर जोन इंचार्ज महात्मा शिव भगवान जी बजाज ने डॉक्टर कंचन शर्मा को सोल उड़ाकर सम्मानित किया और उनका स्वागत किया। वहीं रामकिशन एवं ओमप्रकाश सैनी ने महात्मा अमर सिंह और महात्मा मोहनलाल पूनिया का हार्दिक स्वागत कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में चूरू, तारानगर, ठेलासर, बिसाऊ, चंगोई सहित आसपास के अनेक गांवों से निरंकारी संगत के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बहन सुमित्रा, बहन सीता, बहन सावित्री, बहन सुशीला एवं बहन ऊषा ने डफ की मधुर ध्वनि के साथ अपनी भक्ति प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरा कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। अंत में संगत ने मिलकर मानव जीवन में मर्यादा, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

यह आयोजन सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक और स्मरणीय बन गया।

# परिवार में मिलजुल कर एवं अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें : स्वामी शिवेंद्राश्रम महाराज

निसं




**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पूरे देशभर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत राजलदेसर में स्वामी विवेकानंद बस्ती के आदर्श विद्या मंदिर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन रखा गया जिसमें भद्रकाली शक्तिपीठ दंडी स्वामी जोगेंद्राश्रम महाराज के शिष्य शिवेन्द्राश्रम महाराज, पुष्करनाथ महाराज की बगीची के संत सुरजीत नाथ महाराज, गंगा नाथ बगीची के संत नंदी नाथ महाराज, सीकर विभाग व्यवस्था प्रमुख सरदारशहर के पवन कुमार सैनी के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने कहा कि वर्तमान में जिस प्रकार से हिंदुओं में आपस में प्रेम भावना भाईचारा एवं बच्चों में संस्कार लुप्त होते जा रहे हैं ये बहुत चिंता का विषय है उन्होंने कहा भगवान श्री राम, श्री कृष्ण ने वर्षों वर्ष तपस्या की थी तब जाकर आज श्री राम श्री कृष्ण का जयकारा लगाया जा रहा है। इसी के तहत उन्होंने कहा अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें साथ ही उन्होंने शिक्षा पद्धति पर भी अपने विचार व्यक्त किया कहा कि शिक्षा ही बच्चों को अच्छे मार्ग पर ले जा सकती है इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आयोजित हिंदू सम्मेलन के बारे में कहा इस तरह के हिंदू सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित होने चाहिए। कार्यक्रम में पवन कुमार सैनी ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पंच परिवर्तन के नियम अपनाने के बारे में बताते हुए कहा कि कुटुंब परिवार के तहत साथ रहे एवं पर्यावरण क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें एवं मानवाधिकार सरकार के नियमों का पालन करें साथ ही पवन कुमार सैनी ने कहा पूरे देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं इसी के तहत अपने परिवार में किस तरह से अच्छे संस्कार ग्रहण करना एवं अपने बच्चों के भविष्य के बारे में विचार करना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम से पूर्व आए हुए संतों का शॉल, दुपट्टा भारत माता का प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मान किया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश पारीक, धनराज सेन, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कृष्ण स्वामी पुरुषोत्तम मारू आनंदीलाल शर्मा, बिड़दीचंद प्रजापत, किशोर पारीक, सांवरमल, खेमराज, रतनलाल बारूपाल, हंसराज माली, मांगीलाल प्रजापत, प्रकाश भार्गव, आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# फर्जी की मर्जी पर अंकुश

डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से झूठ को सच बनाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर केंद्र सरकार ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। इस तरह के भ्रमित करने वाली सामग्री प्रसारित करने वाले सोशल मीडिया को नियंत्रित करने वाले नियमों को सख्त बनाया जा रहा है। जिससे डिजिटल कंपनियों और प्लेटफॉर्मों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, खासकर डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई से निर्मित सामग्री के संबंध में। दरअसल, ये नवीनतम बदलाव उन शिकायतों के बाद किए गए हैं जिसमें एआई बॉट द्वारा पथभ्रष्ट करने वाली उत्तेजक छवियों के निर्माण करने के आरोप लगे हैं। जिसके खिलाफ दुनिया के कई देशों ने भी सख्त कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि आईटी के नये नियम बीस फरवरी से लागू होंगे। इसके बाद एआई के जरिये निर्मित सामग्री पर इस बात का लेबल लगाना जरूरी होगा कि उसे कृत्रिम रूप से गढ़ा गया है।


साथ ही प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को उपयोगकर्ताओं को भरोसा दिलाना होगा कि साझा की जा रही सामग्री एआई द्वारा निर्मित है या नहीं। ऐसे वक्त में जब लोगों की संवेदनाओं और भरोसे से खिलवाड़ का खेल द्रुत गति से जारी है, केंद्र सरकार की ओर से उठाया गया यह जरूरी कदम कहा जा सकता है। सरकार ने नये प्रावधानों में निर्देश दिया है कि किसी भी अवैध या भ्रामक एआई जनित सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना होगा या फिर ब्लॉक करना होगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले यह हटाने की समय सीमा 36 घंटे थी। हालांकि, इस तरह सख्त नियमों के जरिये सोशल मीडिया का नियमन खासा जटिल कार्य है। इस आदेश की जटिल कार्यप्रणाली के अतिरिक्त,यह सवाल भी विवाद का विषय बना हुआ कि ऑनलाइन आपत्तिजनक सामग्री किसे माना जाए। साथ ही यह भी कि क्या स्वीकार्य है? यदि हां तो किस आधार पर? वहीं दूसरी ओर इसके बहाने सरकारों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने की चिंताएं भी बरकरार हैं। सही मायनों में, लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त स्वतंत्र अभिव्यक्ति से जुड़ी इन चिंताओं का निराकरण भी जरूरी है।

निस्संदेह दुनिया में जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता डिजिटल क्षेत्र में अपना दायरा बढ़ाती जा रही है, वैसे-वैसे ही प्रभावी नियामक नियंत्रण स्थापित करना एक कठिन चुनौती बनता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर एआई उद्योग के लिये भी, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में अपनी तकनीकों के विस्तार के साथ-साथ नैतिक ढांचों को बनाये रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बनता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एक प्रमुख कंपनी के सुरक्षा शोधकर्ता का विवादास्पद परियोजनाओं की अनियंत्रित गति से असहमति जताते हुए त्यागपत्र देना तकनीकी प्रगति की छलांग लगाती गति के दुष्परिणामों को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता जनित स्पर्धा के दौर में नैतिक दुविधा स्पष्ट है। साथ ही इसका कोई कारगर समाधान शीघ्र नजर भी नहीं आता। इस संकट से विकासशील देश ही नहीं, विकसित देश भी गहरे तक जूझ रहे हैं। आस्ट्रेलिया व फ्रांस आदि देशों में बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की न्यूनतम उम्र निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में इंस्टाग्राम और यूट्यूब के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जांच के लिये एक ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हो गया है। सोशल मीडिया कारोबार में दोनों हाथों से मुनाफा बटोरने वाली कंपनियों के देश अमेरिका में दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों पर लोगों को लत लगाने वाली मशीनें बनाने के आरोप लग रहे हैं। इस बाबत एक अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख विशेषज्ञ की टिप्पणी है- हम देख रहे हैं कि अधिकाधिक युवा न केवल मनोवैज्ञानिक बल्कि शारीरिक पीड़ा का भी अनुभव करते हैं, जब उनसे फोन आदि उपकरण ले लिए जाते हैं।

## विशेष आलेख

# संसद में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हनन के प्रश्न

**संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के दौरान हंगामा तो पहले भी होता रहा है, पर इस बार जो कुछ हुआ, वह अभूतपूर्व ही था। पहली बात तो यह हुई कि सत्ता पक्ष ने नेता विपक्ष को उनकी बात नहीं कहने दी और दूसरी यह कि किसी 'अनहोनी' की आशंका से लोकसभा के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को यह आग्रह किया कि वह कार्यक्रम के अनुसार सदन में बहस का उत्तर देने न आयें। यह दोनों ही बातें हैरान करने वाली हैं, पर यह भी अपने आप में कम हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष की सलाह मानते हुए सदन में न आने का निर्णय कर लिया। यह घटना जहां एक ओर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के हनन के रूप में याद रखी जायेगी, वहीं इस बात पर भी प्रश्नचिन्ह लगाती है कि हमारी संसद में देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा खतरे में क्यों और कैसे पड़ गयी।**



हर नागरिक का अधिकार है कि वह उचित मर्यादाओं का पालन करते हुए अपनी बात कह सकता है। संसद में, और विधानसभाओं में तो सदस्यों को यह विशेषाधिकार प्राप्त है कि सदन में उनकी कही बात को किसी भी तरह से अपराध नहीं माना जायेगा।

प्रधानमंत्री को सदन में न आने देने की सलाह के बारे में बताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने जो कहा, वह निश्चित रूप से चिंता की बात है। उन्होंने 'पुख्ता जानकारी' का हवाला देते हुए कहा था कि उस दिन सदन में प्रधानमंत्री के साथ कुछ भी हो सकता था। इस 'कुछ भी' का ब्योरा उन्होंने यह शब्द लिखे जाने तक नहीं दिया है, पर यह कल्पना करना मुश्किल नहीं है कि उनका इशारा प्रधानमंत्री की सुरक्षा की ओर था। यदि ऐसा कुछ है तो देश को यह जानने का अधिकार है कि हमारे प्रधानमंत्री को किससे और कैसा खतरा था। यही नहीं, यह बताना भी अध्यक्ष का कर्तव्य है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए खतरा बनने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है। यह सब यदि देश को नहीं बताया जा रहा है तो तरह-तरह की अफवाहें फैल सकती हैं, जो किसी भी दृष्टि से देश के हित में नहीं होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्दी ही देश की जनता को इस बारे में विश्वास में लिया जायेगा। संसद के भीतर प्रधानमंत्री पर इस तरह खतरे का होना जहां हमारी समूची सुरक्षा व्यवस्था को अंगूठा दिखा रहा है, वहीं सवाल संसद की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने वालों के मंतव्य पर भी उठता है। सवाल जनतांत्रिक मूल्यों में हमारी आस्था और विश्वास का है। अक्सर इस तरह की स्थिति विपक्ष के विरोध से उत्पन्न होती है, पर सदस्यों के अभिव्यक्ति के अधिकार को चुनौती इस बार सत्तारूढ़ पक्ष ने भी दी है। जिस तरह नेता विपक्ष को सदन में अपनी बात रखने से रोकने की कोशिश हुई, उन्हें एक पुस्तक का उद्धरण देने से रोका गया, वह नियमों को आधार बनाकर एक सच्चाई को उजागर होने से रोकने की कोशिश ही कही जायेगी। देश के पूर्व सेनाध्यक्ष की जिस कथित रूप से अप्रकाशित पुस्तक को लेकर सारा विवाद हुआ, वह एक उपहास बनकर रह गया है। पहले भी उस पुस्तक के कुछ अंश पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं और अब तो वह सब कुछ सोशल मीडिया के माध्यम से देश के सामने आ गया है, जिसे सत्तारूढ़ पक्ष उजागर नहीं करना चाहता था! अब सारी दुनिया जान गयी है कि भारत सरकार ने जनरल नरवणे की जिस पुस्तक के अंश को छपने देने की अनुमति अब तक नहीं दी है उसका रिश्ता उस एक घटना से है जिसमें जनरल ने यह लिखा था कि शत्रु देश चीन के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए उन्हें सर्वोच्च अधिकारी से आवश्यक अनुमति बार-बार प्रयास करने के बाद भी नहीं मिल पायी थी। सवाल इस घटना की सच्चाई या झूठ का नहीं है, सवाल यह है कि यदि उस दिन लोकसभा में नेता विपक्ष को इस घटना का हवाला देने दिया जाता तो क्या बिगड़ जाता? सारी जानकारी एक खुला रहस्य था, यह बात सदन में दोनों पक्षों को पता थी।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा वाली बात अपनी जगह है। उसकी तो जांच होनी ही चाहिए और जो भी दोषी है उसे उचित सज़ा भी मिलनी चाहिए। इस संदर्भ में किसी को भी किसी तरह की छूट दिया जाना प्रधानमंत्री की ही नहीं, देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करना होगा।

इस समूचे प्रकरण का एक हिस्सा जनतांत्रिक व्यवस्था और मूल्यों का है। जो शासन-व्यवस्था हमने अपने लिए चुनी है, उसमें संवाद का सर्वाधिक महत्व है। हमारा संविधान हर नागरिक के अभिव्यक्ति के अधिकार की रक्षा करता है। हर नागरिक का अधिकार है कि वह उचित मर्यादाओं का पालन करते हुए अपनी बात कह सकता है। संसद में, और विधानसभाओं में तो सदस्यों को यह विशेषाधिकार प्राप्त है कि सदन में उनकी कही बात को किसी भी तरह से अपराध नहीं माना जायेगा। यह व्यवस्था इसलिए भी ज़रूरी थी कि निर्वाचित सदस्य अपनी बात निर्भयतापूर्वक कह सकें। ऐसे में यदि नेता विपक्ष को कोई बात कहने से रोका जाता है तो इसे जनतांत्रिक मूल्यों-परंपराओं का नकार ही कहा जायेगा। निर्वाचित सदस्यों से यह अपेक्षा अवश्य की जाती है कि वे अपनी मर्यादाओं का पालन करेंगे, पर इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को अपनी बात सदन में कहने का अवसर और अधिकार मिलना ही चाहिए।

वहीं, एक बात यह भी समझने की है कि मतदाता सिर्फ सरकार ही नहीं चुनता, विपक्ष का भी चुनाव करता है। यदि वह एक पक्ष को सरकार चलाने का काम सौंपता है तो दूसरे पक्ष से वह यह अपेक्षा करता है कि वह सत्तारूढ़ पक्ष के काम-काज पर समुचित निगाह रखेगा। सदस्यों को सदन में अपनी बात कहने का अवसर देने का मतलब यही है कि हर सदस्य को अपना दायित्व निभाने का अवसर मिले। महज इसलिए कि किसी की बात से हम असहमत हैं, उसे बात कहने का मौका नहीं देंगे, या उसके बोलने में रुकावट डालेंगे, यह हर दृष्टि से अनुचित और अजनतांत्रिक है।

प्रसिद्ध फ्रांसीसी विचारक वाल्तेयर ने इस संदर्भ में बहुत ही महत्वपूर्ण बात कही थी। उनका कहना था, 'मैं आपके विचार से असहमत हो सकता हूं, पर अपनी बात कहने के आपके अधिकार की रक्षा मैं अपने प्राण देकर भी करूंगा'। वाल्तेयर की यह सोच जनतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करने वाले हर व्यक्ति के लिए एक चुनौती है। हमें इस चुनौती को स्वीकार करना ही होगा। यदि हम ऐसा नहीं करते तो इसका अर्थ है हम उस व्यवस्था के मूल्यों में विश्वास नहीं करते जो हमने अपने लिए चुनी है। उस दिन सदन में नेता प्रतिपक्ष को वह सब कहने दिया जाना चाहिए था जो वे जनरल नरवणे को उद्धृत करके कहना चाहते थे। यह उनका अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी था। उसी तरह सदन के नेता प्रधानमंत्री का भी अधिकार और कर्तव्य है कि वह प्रतिपक्ष द्वारा उठाये गये सवालों का जवाब देते। लोकसभा में ऐसा नहीं हुआ। होना चाहिए था। राज्यसभा में प्रधानमंत्री अपनी बात कह सकते थे। पर पता नहीं क्यों उन्होंने उन सवालों का जवाब देना ज़रूरी नहीं समझा, जो इस समूचे संदर्भ में उठ रहे हैं। यह सब मतदाता को हल्के में लेने का ही उदाहरण है। निर्वाचित प्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि वह मतदाता के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। यह दुर्भाग्य ही है कि हमारी राजनीति से ईमानदारी कहीं गायब होती जा रही है।

## स्वास्थ्य समाचार

# वजन कम करने के लिए ट्राई करें आसानी से बनने वाली यह रेसिपीज पकाने की भी नहीं जरूरत

आज के समय में हर कोई अपना वजन मेनटेन करके रखना चाहता है। कुछ लोग जो पतले हैं वो मोटा होना चाहते हैं और जो लोग मोटे हैं वो पतला होना चाहते हैं। लोग अपने वजन को कम करने के लिए तरह-तरह के नुस्खे अजमाते हैं लेकिन ज्यादातर लोग सफल नहीं होते क्योंकि वो सही डाइट नहीं लेते हैं। बहुत सारे लोग ऐसे भी हैं, जिनके पास हेल्दी चीजें बनाने का टाइम नहीं होता है इसलिए वो बाजार से लेकर फास्ट फूड्स खा लेते हैं या घर पर ही रेडी टू ईट ब्रेकफास्ट कर लेते हैं। खासकर उन लोगों को काफी मुश्किल आती है, जिन्हें हर रोज खाना पकाने की आदत नहीं होती है। इस खराब आदतों को खत्म करने के लिए और वेट लॉस डाइट में शामिल करने के लिए कुछ आसान व्यंजन हैं, जिनको बनाने के लिए आपको इन्हें पकाने की भी जरूरत नहीं है। ये बहुत आसानी से बिना मेहनत बन जाते हैं और तेजी से वजन घटाने में आपकी मदद कर सकते हैं।



### सेब, दालचीनी ओवर नाइट ओट्स

- यह रेसिपी बहुत स्वादिष्ट है जिसको बनाना भी आसान है यह हमारे स्वस्थ के लिए लाभ दायक है।
- इसको बनाने के लिए एक जार लें और उसमें आधा कप ओट्स, आधा कप नॉन फैट दूध और आधा कप सादा नॉन फैट दही मिलाएं।
- सेब को आधा काट लें।
- कटी हुई सेब की परतों को बर्तन में डालें।
- थोड़ी पिसी हुई दालचीनी और एक चम्मच चिया सीड्स उसके ऊपर छिड़कें और थोड़ा शहद छिड़कें।
- इसको रात भर के लिए फ्रिज में रख दें या फिर सुबह भी बना कर शाम के नाश्ते में भरकर खा सकते हैं।
- यह रेसिपी हमारे वजन को कम करके हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करती है।

### दही सैंडविच

- एक बर्तन लें और उसमें दो टेबलस्पून हंग दही डालें।
- इसमें आधा कटा हुआ खीरा, एक कटा हुआ टमाटर, आधी कटी हुई शिमला मिर्च और एक कटा हुआ प्याज डालें।
- इनको अच्छी तरह से मिला लें।
- फिर आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा छोटा चम्मच चाट मसाला, थोड़ा नमक और काली मिर्च डालें।
- इन्हें अच्छी तरह मिला लें।
- अब इसे ब्रेड के ऊपर फैलाएं।
- इसे टोस्टेड सैंडविच को ऊपर से ब्रेड के दूसरे टुकड़े के साथ बंद कर दें।

# सरसों के तेल से करें शरीर की मालिश मिलेंगे आपको यह जबरदस्त फायदे

सरसों के तेल का सेवन जितना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, शरीर पर सरसों का तेल लगाना भी उतना ही फायदेमंद होता है। शरीर की मालिश करने से संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। लोग शरीर की मालिश के लिए देसी घी, नारियल, बादाम तेल और अन्य एसेंशियल ऑयल का प्रयोग करते हैं। लेकिन जब मौसम ठंड बढ़ने लगती है या सर्दियां शुरु होने लगती है, तो ऐसे शरीर की मालिश करने के लिए सरसों का तेल प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। सरसों के तेल से मालिश करना बहुत लाभकारी होता है। उनके अनुसार सरसों का तेल कई औषधीय गुणों से भरपूर होता है। यह हेल्दी फैट्स का अच्छी स्रोत है। इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड प्रचुर मात्रा में होते हैं। इसके अलावा यह एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लेमेटरी गुणों के साथ ही ओमेगा-3 और 6 से भरपूर होता है। जिससे यह सेहत के लिए बहुत फायेदमंद माना जाता है। अगर आप सरसों के तेल से शरीर की मालिश करते हैं, तो इससे अद्भुत फायदे मिलेंगे।



**शरीर में आती है गर्मी :** अगर आप सरसों के तेल से शरीर की मालिश करते हैं, तो इससे शरीर में गर्मी आती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सरसों का तेल गर्म होता है। यह ठंड के मौसम में भी आपको गर्म महसूस कराता है।

**ब्लड सर्कुलेशन में करे सुधार :** यह आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन में को बेहतर बनाने और ब्लड फ्लो बढ़ाने में मदद करता है। जिससे शरीर के अन्य अंगों तक रक्त और पोषण बेहतर तरीके से पहुंचता है। साथ ही नसों का स्वास्थ्य भी बना रहता है।

**मांसपेशियों और जोड़ों की जकड़न करे दूर :** जैसे-जैसे ठंड बढ़ती है मांसपेशियों और जोड़ों में अकड़न की समस्या शुरू हो जाती है। कुछ लोगों को इससे दर्द भी होता है। लेकिन सरसों तेल से मालिश करने से यह समस्या दूर होती है।

**हड्डियों को बनाए मजबूत :** नियमित सरसों तेल से जब आप पूरे शरीर के की हड्डियां, मांसपेशियों और जोड़ों की अच्छी तरह मालिश करते हैं, तो हड्डियां मजबूत होती हैं, साथ ही उनमें फ्रैक्चर का जोखिम भी कम होता है।

**शरीर को आराम मिलता है :** सरसों के तेल से मालिश करने से मांसपेशियों में तनाव कम होता है और आप शांत महसूस करते हैं। यह आपको आरामदायक महसूस कराता है। इससे चिंता और तनाव जैसी मानसिक स्थितियों और नींद से जुड़ी समस्या जैसे अनिद्रा की समस्या भी दूर होती है।

### पेट भी रहता है हेल्दी

शरीर की मालिश करने से वात दोष के संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है। पेट की ज्यादातर समस्याएं वात का अधिकता या असंतुलन के कारण होती हैं। सरसों तेल से मालिश करने से पाचन बेहतर होगा और आपको अपच, ब्लोटिंग, कब्ज, पेट में सूजन, गैस आदि से छुटकारा मिलेगा।

# सेहत के लिए फायदेमंद है अलसी और चिया सीड्स

चिया सीड्स और अलसी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स भी डाइट में चिया सीड्स और अलसी के बीजों को शामिल करने की सलाह देते हैं। अगर बात करें, चिया सीड्स की तो इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, हेल्दी फैट, फाइबर, कैल्शियम, जिंक, कॉपर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके अलावा चिया सीड्स में प्रोटीन और अमीन एसिड भी होते हैं। वहीं, अलसी के बीजों में कैलोरी, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। अकसर लोग अलसी के बीज और चिया सीड्स अलग-अलग खाते हैं, लेकिन आप चाहें तो अलसी और चिया सीड्स को एक साथ भी खा सकते हैं।

### अलसी और चिया सीड्स एक साथ खाने के फायदे

- अलसी और चिया सीड्स एक साथ खाना हेल्थ के लिए काफी लाभकारी होता है। इसलिए आप चाहें तो अलसी और चिया सीड्स को एक साथ मिलाकर खा सकते हैं।
- अलसी और चिया सीड्स एक साथ खाने से डाइजेशन में सुधार होता है। इनमें फाइबर पाया जाता है, तो पाचन तंत्र को दुरुस्त बनाते हैं।
- अलसी और चिया सीड्स में एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं। ये गुण हार्ट को हेल्दी बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।



- अलसी और चिया सीड्स को एक साथ खाने से त्वचा से जुड़ी समस्याएं भी दूर हो सकती हैं। ये दोनों त्वचा को चमकदार बनाते हैं। साथ ही दाग-धब्बों से भी छुटकारा मिल सकता है।
- अलसी और चिया सीड्स को एक साथ खाने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। अकसर ही डाइटीशियन भी चिया सीड्स को वेट लॉस डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं।
- अलसी और चिया सीड्स में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। इससे आपको पर्याप्त एनर्जी और ऊर्जा मिल सकती है।

### चिया और अलसी के बीज एक साथ खा सकते हैं?

चिया और अलसी के सीड्स काफी फायदेमंद होते हैं। वैसे तो लोग अलसी और चिया सीड्स को अलग-अलग खाते हैं। लेकिन आप चाहें तो इन दोनों को एक साथ भी ले सकते हैं। इससे आपको अलसी और चिया सीड्स के पोषक तत्व एक साथ मिल जाएंगे।

## आज का राशिफल

### मेष
कम प्रयास से काम बनेंगे। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। परिवार से संबंध घनिष्ठ होंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे। रुके धन की प्राप्ति में अड़चनें आएंगी। कम प्रयास से काम बनेंगे।

### वृष
मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने काम से काम रखें। दूसरों के विश्वास में न आएं। परिवार में तनावपूर्ण माहौल रह सकता है। धनार्जन होगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### मिथुन
लेन-देन में सावधानी रखें। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अचानक लाभ होगा। धन संबंधी कार्यों में विलंब से चिंता हो सकती है। लाभदायक समाचार मिलेंगे। कार्य के विस्तार की योजना बनेगी। संत-समागम होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

### कर्क
चोट व रोग से हानि संभव है। कुसंगति से हानि होगी। विवाद न करें। फालतू खर्च बढ़ेंगे। आवास संबंधी समस्या का समाधान संभव है। आवेश में कोई कार्य नहीं करें। सामाजिक एवं राजकीय ख्याति में अभिवृद्धि होगी। व्यापार अच्छा रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा।

### सिंह
शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में सावधानी रखें। सुख के साधन जुटेंगे। रुका हुआ धन मिलेगा। अधूरे काम समय पर सफलता से होने पर उत्साह बढ़ेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। व्यापार के कार्य से बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार से संबंध घनिष्ठ होंगे।

### कन्या
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय बढ़ेगी। भोग-विलास में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। स्थायी संपत्ति के मामले उलझेंगे। कार्य में मित्रों की मदद मिलेगी। आर्थिक मनोबल बढ़ेगा। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें।

### तुला
कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। परिवार एवं समाज में आपके कामों को महत्व एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा। वाणी पर संयम आवश्यक है। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। भूल करने से विरोधी बढ़ेंगे।

### वृश्चिक
चोरी, चोट व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धनार्जन होगा। भागदौड़, बाधाओं व सतर्कता के बाद सफलता मिलेगी। पारिवारिक सुख, संतोष बढ़ेगा। उपहार मिलने के योग हैं। अधिक व्यय न करें। खर्चों में कमी करें। स्थायी संपत्ति के मामले उलझेंगे।

### धनु
पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी बाधा दूर होगी। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा। कार्य में भागीदार सहयोग करेंगे। विकास की योजनाएं बनेंगी। दांपत्य जीवन में गलतफहमी आ सकती है। आय बढ़ेगी। भोग-विलास में रुचि बढ़ेगी।

### मकर
घर-परिवार की चिंता रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। आपका सामाजिक क्षेत्र बढ़ेगा। लाभदायक सौदे होंगे। विपरीत परिस्थितियों का सफलता से सामना कर सकेंगे। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। जीवनसाथी से संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

### कुंभ
शत्रु परास्त होंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी नए कार्य में भाग लेने के योग हैं। विद्वानों के साथ रहने का अवसर मिलेगा। व्यापार में भागीदार सहयोग करेंगे। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

### मीन
घर-परिवार की चिंता रहेगी। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जोखिम न लें। अचानक यात्रा के भी अच्छे फल मिलेंगे। आमदनी में वृद्धि होगी। प्रसिद्धि एवं सम्मान में इजाफा होगा। नौकरी में उन्नति के योग हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

# 3 हजार 5 सौ लोगों को मिला विधिक चेतना शिविर में फायदा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनिका पुरोहित के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ के ग्राम गोपालपुरा में नालसा गाड्यूल स्कीम के तहत विधिक सेवा शिविर का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. शरद कुमार व्यास के निर्देशन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुजानगढ़ मेहन्द्र प्रताप गाटी, अतिरिक्ति जिला कलेक्टर सुजानगढ़ संतोष मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानगढ दिनेश कुमार, उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा व प्रशासक सविता राठी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास द्वारा विधिक सेवा शिविर की जानकारी देते हुये नालसा एवं रालसा की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ, नि:शुल्क विधिक सहायताए पीड़ित प्रतिकर स्कीम, स्थाई लोक अदालत एवं एलएडीसीएस स्कीम के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों की कुल 17 स्टोल लगाये गये। इन स्टोलो पर कार्यरत कार्मिकों द्वारा मौके पर ही लोगो का रजिस्ट्रेशन कर विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्यतया कृषि विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजिविका, समाज कल्याण विभाग, जलदाय विभाग, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु मेडिकल टीम, खाद्य विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, एवं उद्योग विभाग के अधिकारीगण एवं कार्मिक मौके पर मौजूद रहे। उक्त विधिक सेवा शिविर की पूर्व तैयारी में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान किये जाने हेतु चिहन्ति व्यक्तियों को मौके पर लाभ प्रदान किये गये। जिनमें स्वच्छ भारत मिशन के 45, प्रधानमंत्री आवास योजना के 73. कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं में 620, शिक्षा विभाग की गणवेश वितरण योजना के 750, छात्रवृति एवं अन्य लाभ के 100, चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं के 45, राजिविका द्वारा 303, पेंशन एवं पालनहार योजना के अन्तर्गत 990, एनजीओं की तरफ से स्वेटर वितरण के 500 व कैटल रोड एण्ड कुंड के 73 कुल 3499 लोगों को शिविर के दौरान लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण द्वारा अपने-अपने विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पदान कि गई। उक्त कार्यक्रम में ज्योति कछावा, बाबूलाल चावल, गणपत दारा स्वामी, कुशालाराम, रूपाराम खिचड, भंवर सिंह शेखावत, रवि कुमार इत्यादि का विशेष योगदान रहा। इस दौरान उपस्थित गणमान्य एव अतिथिगण का श्याम लाहोटी, प्रमोद लाहोटी, झूमर मल सहारण, गंगा सिंह, मुरारीलाल, ईश्वर सिंह, भीवाराम, घनश्याम नाथ कच्छावा, धन्नाराम प्रजापत एवं सुनिता पूनिया द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में आरएएस राकेश शर्मा, विजय पूनिया, एसआई मनफुल मेघवाल, मेजर डॉ. अक्षय राठी, इवलदार धन्नाराम, ऋषिकुमार मेघवाल, सुमित भार्गव, प्राचार्य भागीरथ गर्ग, किसान नानूराम माली, ओकेश कुमार को सम्मानित किया गया।

## भगवान ही सबसे सच्चा मित्र है : स्वामी कानपुरी

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास स्थित बृज धाम श्रीराधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान श्री दशनाम सन्यास आश्रम गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि परमात्मा से बड़ा कोई सच्चा मित्र नहीं है। इसलिए हमें समस्त प्रकार की विपरीत परिस्थितियों में भी परमात्मा पर यकीन करना चाहिएए क्योंकि वही चिंता और दुख का हरण करने वाला है। उन्होंने विनम्र स्वभाव को धारण करने की अपील करते हुए कहा कि झुकते वहीं हैं, जिनमें जान होती है, अकड़ तो मुर्दों की पहचान होती है। हमें अपने असली स्वरूप को पहचानना होगा और प्रभु से प्रेम करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रियव्रत प्रसंग, उतानपाद प्रसंग, भक्त प्रहलाद, होलिका प्रसंग, हिरण्यकश्यप वध, जड़ भरत सहित अनेक धार्मिक प्रसंग सुनाए। सुमधुर भजनों के साथ श्रद्धालुओं को देशभक्ति व संरस्कारित शिक्षा का प्रवचन भी दिया गया। कथा में संत सानिध्य के रूप में श्री श्री 108 जग्गूदास महाराज कुमास, सुंदरदास महाराज धां, हनुमान दास महाराज हरियाणा, भैर दास महाराज उपस्थित रहे। किशोर दास स्वामी ने बताया श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत ही रात्रि को श्री नाथजी भक्त मंडल द्वारा शिव कीर्तन व श्री श्याम सखा मंडल व श्री श्याम शरण गौ सेवा मंडल द्वारा श्याम कीर्तन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में भोल दास स्वामी, दुर्गादास स्वामी, लिखमीचंद स्वामी, रामचंद्र स्वामी, महेश स्वामी, बालचंद प्रजापत, करणी सिंह शेखावत, सरदार सिंह कासनिया, राजू दास दुजार, शंकर लाल सामरिया, गोपाल प्रजापत, पवन बागड़ी, नंदलाल जैगणीया, कैलाश पुजारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। वहीं कथावाचक स्वामी कानपुरी महाराज का समाजसेवी शंकरलाल सामरिया ने साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

## 27 फरवरी से शुरू होगा चार दिवसीय घूमर कार्यक्रम

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक घूमर-2026 इस बार 27 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर बुधवार शाम स्टेशन रोड स्थित राजू कृषि उद्योग परिसर में घूमर सेवा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। समिति अध्यक्ष सुमित कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए आयोजन को 27 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष हिमांशु प्रजापति ने पिछले वर्ष का लेखा-जोखा सदन के सम्मुख रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम को लेकर लाडनूं क्षेत्र के होली प्रेमियों एवं निवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। समिति ने इस बार कलाकारों का उत्साहवर्धन करने के लिए इस वर्ष कुल 200 पुरस्कार वितरित किए जाएंगे, जिनमें 15 कलाकारों को प्रथम, 25 को द्वितीय, 30 को तृतीय और 130 कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विचित्र वेशभूषा और दैनिक प्रोत्साहन के लिए भी विशेष पुरस्कारों की श्रेणी रखी गई है, जो इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगी। सुरक्षा और सुव्यवस्था को लेकर समिति ने इस बार भी शानदार इंतजाम किए हैं। पूरा कार्यक्रम परिसर आधुनिक सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा। बैठक में टीकमचंद घोड़ेला, बाबूलाल गेदर, ओमप्रकाश ढूंढाड़ा, प्रवीण जोशी, अशोक नागपुरिया, रमेश नागपुरिया, अरिहंत भंसाली, रवि जांगिड़, मुकेश सोनी, हंसराज सोनी, नरेंद्र स्वामी, नोरतन प्रजापत, मुकेश खींची सहित समिति के कई सक्रिय सदस्य मौजूद रहे।

## 150 लोगों ने किया हरासर गांव में रक्तदान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव हरासर में सोहनी देवी खिलेरी के स्मृति दिवस पर गुरुवार को चतुर्थ ओपन दौड़ प्रतियोगिता एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन बाबा रामदेव गोशाला में हुआ। कार्यक्रम के संयोजक हेतराम, बाबूलाल खिलेरी ने बताया कि सोहनी देवी खिलेरी मेमोरियल ट्रस्ट, हरासर के तत्वावधान में ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर में आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान किया। ट्रस्ट के भंवरलाल खिलेरी व चूनीलाल खिलेरी ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इससे पूर्व सुबह ओपन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें विजेता रहे प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व मोमेंटो देकर समानित किया। कार्यक्रम में सुगनाराम, माणकचंद, राकेश शर्मा, भगवानाराम आचार्य, रामनारायण आचार्य, गिरधारी मील, पूर्णाराम गोदारा, नेमीचंद मेघवाल, हनुमान भगत, नत्थूराम खिलेरी, प्रताप खिलेरी, अमरचंद गोदारा, भगाराम खिलेरी, प्रकाश सिंहए देवीलाल, मेघाराम नायक, भंवरलाल, किसन, बनवारी आचार्य, माणक नाथ, गोपीनाथ, रामूराम भोपा, अर्जुन डूडी, किशोर दहिया, गणेशाराम गोदारा, रामेश्वरलाल, मनोज नाई, छोटूराम, मालाराम कड़वासरा, मनसाराम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## बजट से कर्मचारियों में आक्रोश, कलेक्ट्रेट के बाहर किया प्रदर्शन

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, मानदेय कर्मियों एवं पेंशनरों के लिए निराशाजनक बताते हुए आपणी योजना के आगे कलेक्ट्रेट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल चारण के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि बजट में प्रदेश के लाखों कर्मचारियों, 5 लाख से अधिक संविदा कर्मियों और बड़ी संख्या में मानदेय कर्मियों के हितों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। कर्मचारियों की पदोन्नति एवं वेतन विसंगतियों के समाधान, कैडर पुनर्गठन, रिक्त पदों पर भर्ती तथा केंद्र के अनुरूप आठवें वेतन आयोग के संबंध में कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। केवल समितियों के गठन की घोषणा कर कर्मचारियों को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। महासंघ के जिला प्रवक्ता शुभकरण नैण ने कहा कि यह बजट कर्मचारियों की आशाओं पर कुठाराघात है। सरकार ने कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगों को दरकिनार कर निराशा फैलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होंगे, बल्कि ठोस निर्णय चाहते हैं। यदि शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो कर्मचारी वर्ग व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारी हितों के प्रति असंवेदनशील रवैया अपना रही है, जिससे प्रदेशभर में रोष व्याप्त है। कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, किसान संगठनों, बैंक एवं बीमा यूनियनों द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर हड़ताल का समर्थन किया गया।

कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## प्रदेश के एक तिहाई हिस्से की उपेक्षा करने का आरोप

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बजट पर चर्चा के दौरान सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में कहा कि बजट से प्रदेश के एक तिहाई हिस्से को काफी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक हिस्से की पूरी तरह से उपेक्षा कर दी गई है। सुजानगढ़ जैसे क्षेत्रों को इस बजट से काफी निराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों में वन क्षेत्र बढ़ाकर सरकार जनता को भ्रमित कर रही है। जबकि काफी सारे विधानसभा क्षेत्रों में जनता के हितों को पूर्णतया अनदेखा कर दिया गया है। मेघवाल ने कहा कि बेकडोर से स्टांप ड्यूटी पर सरचार्ज, डीएलसी की दरें बढ़ाई गई हैं, जो जनहितों पर सीधा-सीधा विपरीत असर डालने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सारी चीजें अनुमानों पर बताकर बजट पेश कर दियाए जबकि जनता को सीधे फायदे वाली एक भी घोषणा नहीं की।

## पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिले के रतनगढ़ में सनातन सेवा न्यास के नगर उपाध्यक्ष गोविंद खठोड़ के नेतृत्व में शहर के वार्ड संख्या 21, 22 सहित कई क्षेत्रों में गहराई पेयजल समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता, वॉटर वर्क्स विभाग को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि इन वार्डों में जल आपूर्ति अनियमित रहने तथा पर्याप्त पानी नहीं मिलने से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। न्यास ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में नियमित, समयब एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए तथा जल वितरण व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में गोविंद खठोड़, सरिता पड़िहार, ओमप्रकाश राईका, इंदिरा देवी, रामप्यारी देवी, संदीप, आत्माराम एवं गौरी शंकर दादरवाल शामिल रहे।

## हिन्दू सम्मेलन आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम गोगासर में विराट हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में सिर पर कलश धारण किए मंगलगीत गाती हुई महिलाओं की शोभा यात्रा देवी देवताओं और महापुरुषों की झांकियों से सुसज्जित थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। साध्वी पवित्रा प्रणामी ने माताओं बहनों से अपने बच्चों को भारतीय सनातन संस्कृति एवँ संस्कारों की शिक्षा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नारी का स्थान समाज में सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने युवाओं से भी स्वामी विवेकानंद, शिवाजी महाराज, सुभाषचंद्र बॉस आदि से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय भावों को पोषित करने वाले संगठनों में काम करते हुए देश सेवा करने का आह्वान किया। संत ओमगिरी महाराज ने कहा कि जब हिंदू जाति विभेद छोड़ समरस भावों को अपना लेगा तभी हिंदू समाज का उत्थान होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुरुषोत्तम मिश्रा ने पंच परिवर्तन का विषय रख सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंदिरों के पुजारियों, समाज सेवी महिला पुरुषों एवं विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले युवाओं को भारत माता का चित्र देकर तथा माला पहनाकर आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

गोगासर के सर्व समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजू भगत, आशाराम गौड़, इंदर गिल, धनराज भार्गव, लालाराम सुथार, रामेश्वर सांसी, कालूराम नायक, कमल पारीक सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंचीय संचालन प्रकाश पारीक ने किया।

## सीआई ने यातायात व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को लाडनूं सीआई शिंभू दयाल मीणा ने बस स्टैंड, जैन भवन तथा पुलिस चौकी वाली गली क्षेत्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात में अवरोध उत्पन्न करने वाली समस्याओं का जायजा लिया और मौके पर ही ट्रैफिक पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीआई मीणा ने जैन भवन, अशोक स्तंभ और बस स्टैंड क्षेत्र की सड़क पर कोई भी ठेला नहीं लगाने के निर्देश देते हुए सब्जी विक्रेताओं को पाबंद किया। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर ठेलों के कारण जाम की स्थिति बनती है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

वहीं पुलिस चौकी के पास ठेला लगाने वाले संचालकों को खरीदारी करने आने वाले लोगों को अपना वाहन एक साइड में व्यवस्थित रूप से पार्क कर खरीदारी करने की हिदायत दी। उन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## वर्तमान के तीव्र विकास के दौर में नैतिक मूल्यों का नहीं करे त्याग : संत निवृतिनाथ महाराज

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** देश के हर एक मनुष्य को अपनी अंतर आत्मा व दिल मे सर्वप्रथम भारत देश का स्थान होना चाहिए, हमारी संस्कृति हमें नैतिकता से बाँधे रखती है। उक्त उदगार संत निवृतिनाथ महाराज ने रतनगढ़ में स्थानीय चिरंजलीलाल धानुका उ. मा. आदर्श विधा मंदिर एवं दुर्गादत्त प्रसाद धानुका आदर्श बालिका उ.मा. विद्यालय के वार्षिकोत्स्व समारोह मे संत सानिध्य देते हुये कहे। वही समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने कहा की धानुका परिवार शिक्षा क्षेत्र में जो कार्य किये है वो अपने आप में एक अलग मिशाल है, इसके लिए धानुका परिवार साधुवाद का पात्र हैं। धानुका ग्रुप के चैयरमैन रामगोपाल धानुका एवं ग्रुप के बोर्ड पदाधिकारी महेंद्र धानुका उमा धानुका व माधुरी धानुका समारोह स्वागतध्यक्ष व मदनलाल प्रजापत बतौर विशिष्ट अतिथि पद से मंचस्थ थे। स्वागतध्यक्ष ने कहा की ईश्वर की कृपा से हमारे परिवार को शिक्षा के क्षेत्र मे कार्य करने का अवसर मिला है जो हमारे धानुका परिवार का सौभाग्य है वही उन्होंने कहा की विद्यालय परिवार व प्रशासन इन विधा मंदिरो बाबत कोई आदेश देगा उसकी क्रियावन्ति में देरी नहीं होंगी। समारोह में विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई वही मंचस्थ अतिथियों द्वारा विद्यालय की 150 से अधिक विभिन्न क्षेत्रो की प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्वर्ण, रजत पदको से सम्मानित किया व नकद राशि व स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य लोकेश चौमाल ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया। व्यवस्थापक रामावतार शर्मा ने आँगनतुकों का शाब्दिक आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन दिनेश तिवाड़ी ने किया। समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं व विद्यालय परिवार सहित कई गणमान्य जन उपस्थित थे।

## वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र तारानगर और राजस्थान ग्रामीण बैंक रतनपुरा द्वारा ढ़ाणी मोतीसिंह में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के अग्रणी जिला अधिकारी राहुल देवराव गोले ने साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया की किसी भी प्रकार की ठगी, फोन पर धमकाने, ब्लैक मेल, डिजिटल अरेस्ट की शिकायत हमें 1930 पर अपनी तुरंत दर्ज करवानी चाहिए ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सकें। री केवाईसीए सी केवाईसीए सुरक्षित लेनदेन, डिजिटल अरेस्ट, मोबाइल वॉलेट, की जानकारी दी।

वित्तीय साक्षरता के केंद्र प्रबंधक दलजीत सिंह ने बताया कि किसी को भी सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करनी चाहिए अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। सहायक प्रबंधक विनोद कुमार ने अटल पेंशन की जानकारी देते हुए बताया कि 18से 40वर्ष का कोई भी व्यक्ति जो आयकर दाता नहीं हो वह इस पेंशन की स्कीम से जुड़कर लाभ ले सकता है। इस अवसर पर पवन सिंह, इंद्र सिंह, मोनू, विजय सिंह, इंद्र कंवर, मायावती, ममता, प्रभा, राकेश कंवर, अंजू, संजू, कमला आदि उपस्थित थे।

## चोरी के आरोप में तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि 10 फरवरी को सुरेन्द्रसिंह राजपूत निवासी सुजानगढ ने रिपोर्ट दी थी कि वह अपने पैतृक गांव गया हुआ था, पीछे से अज्ञात चोरो ने ताले तोड़कर सोने चांदी के जैवरात, नगदी व अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया। मामले की जांच एएसआई जगदीश कुमार द्वारा शुरू की गई और आरोपी रब्बानी, निवासी वार्ड नं. 60 सम्राट होटल के पीछे, शदिल मोहम्मद, निवासी वार्ड नं. 51, मोहम्मद सद्दाम, माण्डेता रोड़ सुजानगढ़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरियों के बारे में भी पूछताछ कर रही है। इस चोरी का खुलासा करने वाली टीम में हैड कांस्टेबल रमेश, विक्रम, महावीर प्रसाद, भागीरथराम आदि शामिल रहे।


## रेलवे अंडरपासो में पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान हो : बृजेंद्र सिंह ओला



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** सांसद श्री बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा में झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र सहित देशभर के रेलवे अंडरपासों में जलभराव की समस्या का मामला लोकसभा में उठाया । सांसद ओला ने कहा कि सरकार स्वयं स्वीकार कर चुकी है कि झुंझुनू जिले में 63 तथा राजस्थान में कुल 1,918 रेलवे अंडरपास ऐसे हैं, जहाँ हर मानसून में पानी भर जाता है। इसके बावजूद सरकार के पास इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं है, जोकि सरकार की इसके प्रति गंभीर नहीं होने को उजागर करता है। सांसद ने कहा कि अंडरपासों में पंप लगाना, पानी मोड़ना या बारिश के समय रास्ते बंद कर देना समाधान नहीं, बल्कि सरकारी विफलता को ढकने का अस्थायी जुगाड़ है। हर साल बरसात में वही हालात, वही दुर्घटनाएँ और वही जनता की परेशानी लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ आश्वासन। रेलवे प्रशासन का बरसात में सड़क यातायात रोकना समाधान मानना आम जनता-मजदूरों, किसानों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों-के प्रति गैर-जिम्मेदार रवैया है। सांसद ओला ने स्पष्ट कहा कि जब तक रेलवे अंडरपासों में पानी भरे ही नहीं तथा निर्माण के समय स्थायी जल निकासी व्यवस्थाए आधुनिक तकनीक और जिम्मेदार निगरानी प्रणाली लागू नहीं की जाती, तब तक हर साल जनता को इसी संकट से गुजरना पड़ेगा।

# सर्दियों में कम बजट में करें इन जगहों कि ट्रिप



सर्दियां शुरू हो गई है। घूमने-फिरने के लिहाज से यह मौसम बहुत अच्छा माना जाता है। इस मौसम की यात्रा काफी रोमांचक और एडवेंचर्स होती है। इस दौरान आप कई चीजों का अनुभव कर सकते हैं। अगर आप भी इन सर्दियों में घूमने जाना चाहते हैं, लेकिन बजट कम है। तो चिंता की कोई बात नहीं है। देखा जाए, तो यह पीक टाइम है। इस दौरान भारत की ज्यादातर पॉपुलर जगहों की यात्रा महंगी पड़ती है। सस्ते होटल भी डबल रेट पर मिलते हैं और खाने और रहने का चार्ज भी बढ़ जाता है। कई टूरिस्ट प्लेस की तो टिकट ही महंगी हो जाती है। ऐसे में कम बजट वाले व्यक्ति को यहां जाने के लिए कई बार सोचना पड़ता है। लेकिन भारत में कई सारे पॉकेट फ्रेंडली टूरिस्ट डेस्टिनेशन हैं, जो सर्दी के मौसम में आपकी ट्रिप को यादगार बना देंगे। आपकी मुश्किल को आसान बनाने के लिए हमने यहां पर कुछ लोकप्रिय और किफायती पर्यटक स्थलों के बारे में बताया है। यहां आप मात्र 10 हजार रूपए में सर्दियों का मजा ले सकते हैं।

**तवांग, अरुणाचल प्रदेश :** अरूणाचल प्रदेश के पश्चिम में स्थित तवांग अपनी जादुई खूबसूरती के लिए लोकप्रिय है। प्राकृतिक सुंदरता के मामले में यह शहर बहुत अच्छा है। तवांग में मठ, झरने और पहाड़ों की चोटी देखना अपने आप में सुखद अनुभव है। अगर आप प्रकृति प्रेमी है, तो यह छुपा हुआ स्वर्ग बाहें फैलाकर आपका स्वागत करता है। असम के रेलवे स्टेशन तेजपुर से आप बस से यहां पहुंच सकते हैं। प्रति व्यक्ति का किराया 200 रुपए है। इस तरह आप कुल 3000 रु में 4 दिन की यात्रा पूरी कर सकते हैं।


**जिरो, अरुणाचल प्रदेश :** भीड़ भाड़ से दूर अरुणाचल प्रदेश में देखने लायक एक और जगह है जीरो। आज भी यह घाटी पर्यटकों की नजरों से छिपी हुई है। यहां आप तेजपुर रेलवे स्टेशन से बस द्वारा पहुंच सकते हें। कम बजट के होटल और गेस्ट हाउस के साथ सिर्फ 4000 रूपये में 5 दिन की यात्रा का भरपूर आनंद लिया जा सकता है।

**खज्जियार, हिमाचल प्रदेश :** खज्जियार को हिमाचल प्रदेश के मिनी स्विट्जरलैंड का दर्जा दिया गया है। कम बजट में छुट्टियां मनाने के लिए यह बहुत अच्छी जगह है। समुद्र तल से 6500 फीट की ऊंचाई पर स्थिति खज्जियार एक छोटा पर्यटक स्थल है, लेकिन लोकप्रियता के मामले में बड़े-बड़े हिल स्टेशनों को मात देता है। यहां घास के मैदान आपको स्विट्जरलैंड की याद दिलाते हैं। यहां रहना, आसपास की जगहों पर घूमना और खाना एकदम आपके बजट के हिसाब से है। 10 हजार रुपए से भी कम में आप इस मनमोहक जगह की यात्रा का अनुभव ले सकते हैं।

**लोनार, महाराष्ट्र :** लो बजट में सर्दियों का आनंद लेने के लिए महाराष्ट्र में लोनार एक शानदार जगह है। यह जगह 5000 साल पुराने उल्कापिंड में खारे पानी की विशाल झील के लिए मशहूर है। यह जगह उन लोगों के लिए स्वर्ग है, जो कुछ दिन प्रकृति के करीब रहना चाहते हैं। लोनार तक पहुंचने के लिए बस अच्छा साधन है। औरंगाबाद से लोनार तक बस का किराया 300-400 रूपए के बीच है। इस तरह से यह एक पॉकेट फ्रेंडली डेस्टिनेशन साबित होता है।

**कुल्लू, हिमाचल प्रदेश :** कुल्लू हिमाचल प्रदेश में बसा एक खूबसूरत पर्यटक स्थल है। बरसों से इसकी खूबसूरती और सुदंरता पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करती आई है। सर्दियों में अगर आप किसी पॉकेट फ्रेंडली डेस्टिनेशन की तलाश कर रहे हैं, तो कुल्लू जाने से अच्छा और क्या होगा। यहां 5000 रूपए में 4 दिन की यात्रा को यादगार बनाया जा सकता है।

# भारत के खूबसूरत शहर जहां के दीदार के लिए भारतीयों को भी चाहिए होता है परमिट



आपको दूसरे देश में एंट्री के लिए वीजा की जरूरत पड़ती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत के ऐसे कई शहर हैं, जहां आप बिना अनुमति या परमिट के नहीं जा सकते। भारत की जगहों के लिए जरूरी अनुमति को आईएलपी यानी इनर लाइन पर्मिशन कहा जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन जगहों से अंतरराष्ट्रीय सीमा गुज़रती है। यही वजह है कि यहां एंट्री से पहले परमिट की जरूरत पड़ती है।

**लद्दाख :** लद्दाख की कुछ ऐसी जगहें हैं, जो लाइन ऑफ कंट्रोल के पास हैं, इसलिए वहां जाने के लिए परमिट जरूरी है। इसके अलावा नुब्रा घाटी, त्सो मोरीरी झील, खारडुंगला पास भी हैं। इन जगहों के लिए सभी को सिर्फ एक दिन का परमिट मिलता है। लद्दाख में देश और दुनियाभर से हर साल कई सैलानी पहुंचते हैं।


**नागालैंड :** हर साल हजारों यात्री नागालैंड की खूबसूरत वादियों का दीदार करने पहुंचते हैं। लेकिन आपको कोहिमा, मोकोकचुंग, वोखा, दीमापुर, मॉन, किफिरे आदि जाने के लिए परमिट चाहिए होगा। यहां 5 दिन का लाइसेंस 50 रूपए में मिल सकता है और 30 दिन का 100 रुपए में मिलता है।

**अरुणाचल प्रदेश :** इस राज्य में कई जगहों पर यात्रा करने के लिए परमिट की जरूरत पड़ती है। इनमें ईटानगर, तवांग, रोइंग, पासीघाट, भालुकपॉन्ग, बॉम्डिला, जीरो आदि शामिल हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये जगहें भूटान, मयांमार और चीन के बार्डर से लगती हैं, और सुरक्षा की नजर से अति संवेदनशील है।

**सिक्किम :** त्सोंगमो झील, गोइचला ट्रेक, नाथुल्ला, युमथांग, गुरुडोंगमार झील जैसी सिक्किम की खूबसूरत जगहों की सैर बिना पर्मिट के नहीं हो सकती। इन जगहों पर जाने के लिए आपको इनर लाइन परमिट की जरूरत पड़ेगी।

**मणिपुर :** देश के उत्तरपूर्वी हिस्से का खूबसूरत शहर मणिपुर के दीदार करना भी आसान नहीं। यहां जाने के लिए भी आपको परमिट की जरूरत पड़ेगी। इसलिए अपने साथ पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड जरूर ले जाएं।

**लक्षद्वीप :** इस शांत आइलैंड में कुछ बिताने के लिए भी यात्रियों को परमिट जरूर लेना होगा। परमिट के लिए आपको नजदीकी पुलिस स्टेशन से सर्टिफिकेट लेना होगा।



# पर्यटकों के लिए खास है हुमायूँ का मकबरा

हुमायूँ का मकबरा ताजमहल के 60 वर्षों से पहले निर्मित मुगल सम्राट हुमायूं का अंतिम विश्राम स्थल है जो दिल्ली के निज़ामुद्दीन पूर्व क्षेत्र में स्थित है और भारतीय उपमहाद्वीप में पहला उद्यान मकबरा है। हुमायूँ का मकबरा दिल्ली का एक प्रमुख ऐतिहासिक और पर्यटन स्थल है, जो भारी संख्या में इतिहास प्रेमियों को अपनी तरफ आकर्षित करता है। हुमायूँ का मकबरा अपने मृत पति के लिए पत्नी के प्यार को प्रदर्शित करता है। फ़ारसी और मुग़ल स्थापत्य तत्वों को शामिल करते हुए इस उद्यान मकबरे का निर्माण 16 वीं शताब्दी के मध्य में मुगल सम्राट हुमायूँ की स्मृति में उनकी पहली पत्नी हाजी बेगम द्वारा बनाया गया था। हुमायूँ के मकबरे की सबसे खास बात यह है कि यह उस समय की उन संरचनाओं में से एक है जिसमें इतने बड़े पैमाने पर लाल बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया था। अपने शानदार डिजाइन और शानदार इतिहास के कारण हुमायूँ का मकबरा को साल 1993 में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। हुमायूँ के मकबरे की वास्तुकला इतनी ज्यादा आकर्षित है कि कोई भी इसे देखे बिना नहीं रह पाता। यह शानदार मकबरा एक बड़े अलंकृत मुगल गार्डन के बीच में स्थित है और इसकी सुंदरटा सर्दियों के मौसम में काफी बढ़ जाती है। हुमायूँ का मकबरा यमुना नदी के तट पर स्थित है और यह अन्य मुगलों के अवशेषों का भी घर है, जिनमें उनकी पत्नियाँ, पुत्र और बाद के सम्राट शाहजहाँ के वंशज, साथ ही कई अन्य मुगल भी शामिल हैं।



## हुमायूँ का मकबरा हिस्ट्री

20 जनवरी 1556 को हुमायूँ की मृत्यु के बाद उसके शरीर को शुरू में दिल्ली के पुराण किला में दफनाया गया था। सम्राट की मृत्यु के कारण उनके मुख्य संरक्षक बेगा बेगम को बहुत पीड़ा हुई थी जिन्होंने साम्राज्य में सबसे अधिक शक्तिशाली मकबरे बनाने की कसम खाई। मक्बरे का निर्माण हुमायूँ की मृत्यु के नौ साल बाद 1565 में शुरू हुआ था और और 1572 ई में पूरा हुआ। इस मकबरे का निर्माण उस समय 1.5 मिलियन रुपये की लागत से पूरा हुआ था जो अकेले महारानी द्वारा वहन किया गया था। भारत के विभाजन के दौरान हुमायूँ का मकबरा पुराण किले के साथ-साथ मुसलमानों के पाकिस्तान में पलायन के समय एक आश्रय के रूप में कार्य करता था। हुमायूँ के मकबरे का गौरव तब बढ़ा जब इसे 1993 में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया।

## ईसा खान का मकबरा और मस्जिद

यह ईसा खान नियाज़ीका मकबरा जो शेरशाह सूरी के दरबार में एक अफगान रईस था। वह वास्तव में मुगलों के विरोधी थे और उनके खिलाफ लड़े थे। शेर शाह के पुत्र इस्लाम शाह सूरी के शासनकाल के दौरान इस अष्टकोणीय मकबरे का निर्माण किया गया था। यह मकबरा एक अष्टकोणीय उद्यान से घिरा हुआ है और बाद में ईसा खान के परिवार को भी इस स्थान पर दफन किया गया था।

## बू हलीमा का मकबरा और उद्यान

बू हलीमा का मकबरा हुमायूँ के मकबरे के पश्चिमी प्रवेश की ओर स्थित है। बू हलीमा के बारे में कम ही जानकारी उपलब्ध है और कब्र को इस स्थान पर बाद में जोड़ा गया है।

## नीला गुम्बद

मकबरे परिसर की सीमा के ठीक बाहर नीला गुंबद या ब्लू डोम है, जो नीली टाइलों से सुशोभित है। इस अनूठी संरचना की सबसे खास बात यह है कि यह अष्टकोणीय है और भीतर से एक वर्ग है। नीला गुम्बद का निर्माण अब्दुल रहीम खान-ए-खाना द्वारा करवाया गया था, जो अकबर के दरबार में अपने नौकर मियाँ वहीम के लिए दरबारी था।

## चिल्ला निजामुद्दीन औलिया

चिल्ला निजामुद्दीन औलिया दिल्ली के संरक्षक निजामुद्दीन औलिया के निवास के रूप में सेवा करने के लिए था, और यह परिसर के ठीक बाहर स्थित है।

## हुमायूँ के नाई का मकबरा

हुमायूँ के नाई का मकबराचार बाग के भीतर दक्षिण पूर्व कोने की ओर स्थित है। वैसे इसका कोई प्रमाण नहीं है कि यह मकबरा किसका है लेकिन यहां के स्थानीय लोगों का मानना है कि यह मकबरा हुमायूँ के नाई का है।



## हुमायूँ के मकबरे की वास्तुकला

हुमायूँ के मकबरे की संरचना इस्लामिक और फ़ारसी वास्तुकला का मिश्रण है जो मकबरे लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर में एक बढ़िया नमूना है। आपको बता दें कि यह मकबरा फारसी डबल गुंबद को शामिल करने वाली पहली भारतीय संरचना भी है, जो 42.5 मीटर ऊंची है, जहां बाहरी संरचना संगमरमर के बाहरी हिस्से का समर्थन करती है और आंतरिक काव्यात्मक अंदरूनी भाग में ले जाती है। दक्षिण प्रवेश द्वार के माध्यम से संरचना में प्रवेश करने पर आप भारी जाली और पत्थर की जाली के काम को देख सकते हैं। यहाँ पर सफेद गुंबद के नीचे मुगल बादशाह हुमायूँ का शव दफन है।



## चार बाग गार्डन हुमायूँ का मकबरा

चार-बाग एक फारसी शैली का बगीचा है, जिसमें ज्यामितीय लेआउट है और इसे 4 स्कुएर पैदल मार्गों में विभाजित किया गया है, इसलिए इसे चार बाग नाम दिया गया है। इस गार्डन में चार वर्गों को छोटे मार्गों में विभाजित किया गया है, जिससे 36 वर्ग बनते हैं। यह गार्डन एक जल निकाय द्वारा दो भागों में विभाजित है। इस गार्डन के तीन तरफ पत्थर के टुकड़े यानी मलबे की दीवार है और चौथी तरफ यमुना नहीं बहती है।



## अफसरवाला मकबरा और मस्जिद

अफसरवाला अकबर के दरबार में एक कुलीन था और उसका मकबरा हुमायूं के मकबरे के दक्षिण-पश्चिम छोर की ओर स्थित है। इस मकबरे में पास मस्जिद भी स्थित है जिसके बारे में यह माना जाता है कि यह अफसरवाला को समर्पित है। बता दें कि इन संरचनाओं का निर्माण 1566-67 सीई की अवधि के दौरान हुआ था।

# भारत की वो ऐतिहासिक स्मारक जिन्हें बनने में लग गए थे 10 से 21 साल

**भारत अपनी संस्कृति, परंपराओं, विरासत, मंदिरों, किलों और महलों में समृद्ध है। गोवा के पुराने चर्च, ताजमहल, दिल्ली का कुतुब मीनार, चारमीनार, लाल किला और जंतर मंतर देश की प्राचीन स्मारक हैं। इतना ही नहीं ये भारत में पर्यटकों द्वारा सबसे ज्यादा देखी जाने वाले विरासत स्थल भी हैं। कई स्मारकों के बारे में तो आपने खूब पढ़ा और सुना होगा। आप जानते होंगे कि कौन सी स्मारक किसने कब और क्यों बनवाई। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये प्राचीन और अद्भुत इमारतें यूं ही नहीं बनी, बल्कि इन्हें बनने में कई साल लगे थे।**

## ताजमहल

सबसे पहले बात करते हैं दुनिया के 7 अजूबों में शामिल ताजमहल की। ताजमहल के बारे में आप सभी बहुत कुछ जानते हैं। इसे मुगल सम्राट शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज के लिए बनवाया था। आगरा में युमना नदी के तट पर बसे इस ऐतिहासिक स्मारक का निर्माण कार्य 1632 में शुरू हुआ था। इसे पूरा होने में पूरे 21 साल लगे। यानी 1653 में ताजमहल बनकर तैयार हुआ था।

## लाल किला

पुरानी दिल्ली में स्थित लाल किला भारतीय और विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। यह किला कभी मुगल काल में मुगलों का निवास स्थान हुआ करता था। मुगल सम्राट शाहजहां ने 1639 को किले का निर्माण कार्य शुरू कराया था और 6 अप्रैल 1648 को यह पूरी तरह से बनकर तैयार हो गया था। मतलब कि लाल किले को बनने में 10 साल का समय लगा।

## इंडिया गेट

दिल्ली में स्थित इंडिया गेट स्वतंत्र भारत का राष्ट्रीय स्मारक है। यह दुनियाभर के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र भी है। इसे 12 फरवरी 1931 को प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की याद में बनवाया गया था। इसकी दीवार पर 82, 000 सैनिकों के नाम लिखे हुए हैं।

## कुतुब मीनार

कुतुब मीनार का निर्माण 1199 में मुगल शासक कुतुब उद दीन ऐबक द्वारा कराया गया। लेकिन इस बीच उनकी मौत हो गई इसके बाद उनके दामाद इल्तुतमिश ने 1220 में इसे पूरा बनवाया। कुल मिलाकर इसे बनने में 21 साल गए ।



## राष्ट्रपति भवन

दिल्ली घूमने आने वाले भारतीय और विदेशी पर्यटक राष्ट्रपति भवन को देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। ये भारत के राष्ट्रपति का सरकारी निवास है। जब दिल्ली को भारत की राजधानी चुना गया, तो अंग्रेजों ने ब्रिटिश वायसराय के लिए एक आवास बनाने का फैसला किया। इस तरह राष्ट्रपति भवन का निर्माण 1912 में शुरू हुआ और इसे पूरा होने में 17 साल लगे। 1929 तक यह बनकर तैयार हो गया था।

## हवा महल

हवा महल राजस्थान के जयपुर में एक राजसी महल है। इसे खासतौर से शाही परिवार की औरतों के लिए बनवाया गया था। हवा महल का निर्माण 1799 में महाराजा सवाई प्रताप सिंह ने करवाया था। इस इमारत की बाहर की डिजाइन मधुमक्खी के उल्टे छत्ते की तरह दिखाई देती है।



## गेटवे ऑफ इंडिया

गेटवे ऑफ इंडिया मुबंई में ताज होटल के सामने स्थित एक द्वार है। हिंदू और मुस्लिम वास्तुकला को ध्यान में रखते हुए गेटवे ऑफ इंडिया की आधारशिला मुंबई के राज्यपाल द्वारा 31 मार्च 1913 को रखी थी। दरअसल, इस स्मारक को किंग जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी के आगमन के लिए बनवाया गया था। 1924 में यह बनकर पूरा हुआ था। गेटवे ऑफ इंडिया 4 दिसंबर 1924 को वायसराय द्वारा खोला गया।

# पाकिस्तान में है 5000 साल पुराना हिंदू मंदिर जहां सती की याद में गिरे थे भोलेनाथ के आंसू

**सिंधु घाटी सभ्यता विश्व की प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। यह उत्तर पूर्व अफगानिस्तान से पाकिस्तान और उत्तर पश्चिम भारत तक फैली हुआ है। इस सभ्यता की एक झलक देखने को मिलती है पाकिस्तान में स्थित हिंदू मंदिर में। जी हां, पाकिस्तान में एक हिंदू मंदिर 5000 साल पुराना है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर महाभारत काल का बताया जाता है। कटासराज मंदिर पाकिस्तान के चकवाल जिले से लगभग 40 किमी की दूरी पर स्थित है। इस परिसर में सात या इससे भी ज्यादा मंदिर हैं, जिसे सतग्रह के रूप में भी जाना जाता है। इस मंदिर का इतिहास भोलेनाथ के आंसू और महाभारत में पांडवों के वनवास से जुड़ा है।**

**कटासराज मंदिर का पौराणिक महत्व :** कटास राज मंदिर दुनिया भर के हिंदुओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण जगह है। ऐसा माना जाता है कि जिस तालाब के चारों ओर कटास मंदिर बना है वह भगवान शिव के आंसुओं से भरा है। कहते हैं कि भगवान शिव अपनी पत्नी सती के साथ यहां रहते थे। उनकी मृत्यु के बाद, दुख से त्रस्त शिव अपने आंसू नहीं रोक सके। वे इतना रोए थे, कि उनके आसूंओं से दो तालाब निर्मित हो गए। एक कटारसराज में है, तो दूसरा राजस्थान के पुष्कर में। मंदिर में स्थित इस कुंड को कटाक्ष कुंड भी कहते हैं। तालाब और मंदिर का नाम भी एक ऐसे शब्द से लिया गया है जो उनके दुख को व्यक्त करता है। कटास का अर्थ आंखों में आंसू से होता है।

**12 साल यहां रहे थे पांडव :** एक अन्य किवदंती के अनुसार, कटास राज वही जगह है जहां पांडव भाई अपने 12 साल के वनवास के दौरान रहे थे। वनों में भटकते हुए जब पांडवों को प्यास लगी, तो उनमें से एक कटाक्ष कुंड के पास जल लेने आया। उस समय इस कुंड पर यक्ष का अधिकार था। उसने जल लेने आए पांडव को अपने सवाल का जवाब देने पर ही जल देने को कहा। जवाब न देने पर यक्ष ने उसे मूर्छित कर दिया। इसी तरह एक एक करके सभी पांडव आए और मूर्छित होते गए। अंत में युधिष्ठिर आए और उन्होंने अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए सभी सवालों के सही जवाब दिए। यक्ष इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने पांडवों को वापस चेतना में लाकर जल पीने की अनुमति दे दी।

**कटासराज का ऐतिहासिक महत्व :** इसमें बौद्ध शासन और हिंदू शाही वंश के दौरान लगभग 900 साल पहले बने बौद्ध स्तूप, हवेलियां और मंदिर शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर मंदिर भगवान शिव को समर्पित हैं और कुछ मंदिर भगवान हनुमान और राम को समर्पित हैं। परिसर के अंदर एक प्राचीन गुरुद्वारा के अवशेष भी हैं। जहां गुरु नानक ने 19वीं शताब्दी में दुनिया भर की यात्रा करते हुए निवास किया था।

**मंदिर की वास्तुकला :** यहां के मंदिरों की स्थापत्य कला कश्मीरी है। इसमें मंदिर की छत शिखर से नुकीली होती है। मंदिर को चौकोर आकार का बनाया गया है, जिसमें रामचंद्र जी का मंदिर सबसे बड़ा है। यहां के मंदिरों की दीवार पर खूबसूरत नक्काशी के साथ भित्ति चित्र भी देखने को मिलेंगे।

**शिवरात्रि पर एकत्रित होते हैं लोग :** आस्था की इन महत्वपूर्ण कहानियों के कारण हर साल अलग-अलग अवसरों पर हिंदू इस मंदिर में एकत्रित होते हैं। खासतौर से शिवरात्रि के मौके पर यहां खूब भीड़ होती है। हालांकि वर्तमान में मंदिर में कोई मूर्ति नहीं है, लेकिन तीर्थयात्री यहां पांडव भाइयों के बलिदान की स्मृति में यहां आते हैं और भगवान शिव के दुख की वंदना करते हैं। माना जाता है कि इस तालाब में स्नान करने से व्यक्ति के सारे पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष प्राप्त होता है।

## घटने लगा सर्दी का असर, चित्तौड़गढ़-बाड़मेर का दिन का पारा 30 पार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में सर्दी का असर कम होने लगा है। दिन-रात का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफरहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना जताई है। प्रदेश में गुरुवार को 2 शहरों का दिन का पारा 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया, वहीं 6 शहरों का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। 31.4 डिग्री के साथ बाड़मेर का दिन और 16.6 डिग्री के साथ प्रतापगढ़ की रात सबसे गर्म रही। मौसम विभाग के अनुसार बाड़मरे के अलावा चित्तौडगढ़ का दिन का तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया। 5.9 डिग्री के साथ फतेहपुर की रात सबसे सर्द रही। इसके अलावा लूणकरणसर, पाली, करौली, चूरू और सीकर का रात का पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। दिन में भी तापमान 25 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने और तेज धूप रहने से कुछ शहरों में हल्की गर्मी महसूस होने लगी। जयपुर में छाए हल्के बादल, गिरा पारा जयपुर में गुरुवार को आसमान में हल्के बादल नजर आए और हवाएं भी चली। इससे जयपुर के दिन के तापमान में 1 और रात के तापमान में 1.7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जयपुर का अधिकतम तापमान 27.8 और न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री दर्ज किया गया। जयपुर में दिन में लोगों को गर्म कपड़े अब चुभने लगे है। अब सर्दी का असर सुबह.शाम को ही नजर आ रहा है।

## नि:शुल्क आयुर्वेद अंतरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में मिली विभागीय सेवाएं, चिकित्सा व परामर्श

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर राजकीय एकीकृत जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आयोजित किए जा रहे 10 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद अंतरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर के दूसरे दिन रोगियों ने दी जा रही सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान मरीजों को चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ नि:शुल्क औषधि वितरण की गई। शिविर प्रभारी डॉक्टर मनीराम शर्मा ने बताया कि 10 दिन तक चलने वाले इस शिविर में आयुर्वेद पद्धति के क्षारसूत्र से अर्श, भगंदर एवं फिशर के ऑपरेशन किए जाएंगे। डॉ. पंकज पोटलिया एवं डॉक्टर हरवीर सांगवा की टीम द्वारा शल्य चिकित्सा की जाएगी। शल्य चिकित्सा के साथ-साथ शिविर में आने वाले रोगियों के विभिन्न बीमारियों जैसे संधिवात, आम वात, कमर दर्द, अल्सर, ग्रहणी, स्त्री रोग सहित सभी प्रकार की बीमारियों का चिकित्सा परामर्श कर औषधि दी जाएगी। इस मौके पर आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सहारण ने चिकित्सा शिविर का अवलोकन किया एवं शिविर को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों को कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान डॉ. ओम प्रकाश चोयल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. विष्णुकांत कलावटिया, डॉ. अजय कौशिक, डॉ. शक्ति आसेरी, डॉ प्रतिभा ढाका, डॉ सरोज रिणवा, कंपाउडर बाबूलाल, दीपेंद्र कुमार, सोनू, निर्मला, कंचन, योगेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे ।

## पांच माह के बच्चे को छोड़ विवाहिता फंदे से झूली

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोरा बीसल थाना इलाके में स्थित नांगल लाड़ी नाडा निवासी विवाहिता ने अपने पांच माह के बच्चे को छोड़ कर फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसके बाद परिजन ही शव को फंदे से नीचे उतार कर चौमूं के सरकारी अस्पताल ले गए। इसी दौरान किसी ने मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रुम को दे दी। कंट्रोल रुम की मिली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में मौजूद लोगों से बातचीत को ओर चौमूं के सरकारी अस्पताल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया । जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया थानाधिकारी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि कंट्रोल रुम से सूचना मिली की एक विवाहिता ने पारिवारिक कारणों के चलते फंदे से झूल आत्महत्या कर ली और परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए ही शव को फंदे से नीचे उतार चौमूं के सरकारी अस्पताल में ले गए है। इतला मिलने के बाद ड्यूटी ऑफिसर शैतान सिंह मय पीईआर जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे। शैतान सिंह ने घर में मौजूद परिजनों से बाचीत की तो सामने आया कि घर के कुछ लोग महिला के शव को लेकर चौमूं के सरकारी अस्पताल गए है। सूचना पर थानाधिकारी सुरेंद्र चौधरी, एएसआई रणसिंह चौमूं के सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां पर मृतका अनीता पत्नी संदीप उर्फशंकर कुमार 30 अस्पताल में मौजूद मिले। पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल शास्त्री नगर भिजवाया। थानाधिकारी सुरेंद्र चौधरी ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच एसीपी झोटवाड़ा के सुपुर्द कर दी है।

## तृतीय औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना हुए विद्यार्थी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड ब्यूटी एंड वैलनेस में कक्षा 9 में अध्ययनरत विधार्थियों को तृतीय औद्योगिक भ्रमण के लिए संस्था प्रधान डॉ. मधु चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विराट हेयर सैलून अजीतगढ़ के मालिक मक्खन लाल सैन ने विद्यार्थियों को पैडिक्योर, मैनीक्योर, फेशियल नेलआर्ट, ब्लीचिंग, मसाज, आइब्रो, हेयर स्पा, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही ब्यूटी एंड वैलनेस में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। कौशल मित्र रामचंद्र यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने इस क्षेत्र में कौशलता एवं रोजगार के अवसरों के बारे मे जानकारी ली। जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थी ने खुशी जाहिर की। औद्योगिक भ्रमण में पीएमश्री प्रभारी ओमप्रकाश गुर्जर, नीतू उपस्थित रहे।

# मजदूरों ने कामकाज बंद कर केंद्र सरकार की नीतियों का किया विरोध

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** देशभर में सभी ट्रेड यूनियनों और किसान संगठनों के आह्वान पर मजदूरों ने 12 फरवरी गुरुवार को ऐतिहासिक हड़ताल की गई, जिसका असर श्रीमाधोपुर में भी देखने को मिला। चतुर्थ श्रेणी सहित विभिन्न विभागों के मजदूरों ने कामकाज बंद कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज किया और अपनी मांगें उठाईं। हड़ताल के दौरान मजदूरों ने मजदूर विरोधी चार लेबर कोड निरस्त करने, श्रम शक्ति नीति-2025 वापस लेने, ड्राफ्ट बिजली संशोधन बिल-2025 रद्द करने, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने, मनरेगा में 100 दिन के काम की गारंटी बहाल करने, ठेका प्रथा समाप्त करने तथा समान काम के लिए समान वेतन लागू करने की मांग की। साथ ही ऑपरेशन व मेंटीनेंस कार्यों की आउटसोर्सिंग बंद करने और फिक्स टर्म रोजगार के स्थान पर स्थायी रोजगार व्यवस्था लागू करने की मांग भी उठाई गई।

सलाहकार ओमप्रकाश यादव ने बताया कि आज पूरे देश में बैंक, एलआईसी सहित विभिन्न विभागों के मजदूर हड़ताल पर हैं। केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड लागू किए जाने से मजदूरों के अधिकार खत्म किए जा रहे हैं। पहले मजदूरों ने संघर्ष कर आठ घंटे काम का अधिकार पाया था, लेकिन अब सरकार उन अधिकारों को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों और युवाओं के हितों के खिलाफनीतियों के विरोध में यह आंदोलन आगे और तेज किया जाएगा। किसान नेता पूरन सिंह कुड़ी ने कहा कि श्रीमाधोपुर



में मजदूरों और किसानों ने काम रोककर हड़ताल को सफल बनाया। किसानों की उपेक्षा चिंताजनक है। देश में अपने किसानों के उत्पाद नहीं लिए जा रहे, जबकि बाहर से सामान मंगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के खिलाफ गांव-गांव जाकर किसानों और मजदूरों को जागरूक किया जाएगा और संघर्ष जारी रहेगा। हड़ताल के दौरान कैलाश सामोता, शिवराम लांबा, राजेंद्र सैनी, भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र, किसान सभा के भवानी जाखड़, सुरेंद्र कुमार, शंकर लाल, रोहिदाश, जगदीश, दिलीप कुमार, प्रमोद कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आने वाला समय संस्कृत का, रोजगार की होगी भरमार : लता श्रीमाली

**जयपुर ( नवयत्न )।** आने वाला समय संस्कृत का है, रोजगार के बडे अवसर उपलब्ध होंगे। ये बात कही राजस्थान संस्कृत अकादमी की निदेशक डॉ. लता श्रीमाली ने। वे गुरूवार को राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं पोद्दार संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत. दशा व दिशा विषय पर आयोजित संगोष्ठी में संबोधित कर रही थी। यह आयोजन अकादमी की ओर से चल रहे माघ महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित किया गया था। श्रीमाली ने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न पाण्डुलिपियों एवं संस्कृत से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी रखने वाले बच्चों की मांग होगी। उन्होंने ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग संस्कृत द्वारा ही संभव बताया। इस अवसर पर जगद्गु: रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. डॉ. मदन मोहन झा ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए समाज के पास संस्कृत को ले जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी को संस्कृत भाषा में करने व समाज के पास जाने पर ही संस्कृत का विकास संभव है। आयोजन में वक्ताओं ने संस्कृत से जुडे विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे।



कार्यक्रम में राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के शास्त्री कोसलेन्द्रदास ने सरल संस्कृत के शब्दों को बताया ।संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योत्सना वशिष्ठ, पोद्दार संस्थान के चेयरमेन डॉ. आनंद पोद्दार, डॉ. सत्येंद्र जैन, डॉ. सुरेंद्र ने भी संस्कृत विषय में हो रहे विभिन्न नवाचारों एवं संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला।

## नगर निगम ने 50 किलो अवैध मीट माँस जब्त की तीन अवैध मीट मांस की दुकाने सीज

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपयुक्त पशु प्रबंधन सीमा शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को पशु प्रबंधन शाखा की टीम द्वारा अवैध मीट, माँस की दुकानों पर कार्रवाई करते हुये साँगानेर जोन में कागजी मोहल्ले में अवैध मीट, माँस की दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 50 किलो मीट माँस मौके पर जब्त कर 3 दुकानों को सीज किया। डॉ. राकेश कलोरिया ने बताया कि पशु प्रबंधन शाखा की टीम द्वारा साँगानेर जोन में कागजी मोहल्ले में अवैध मीट, माँस की दुकानों पर कार्रवाई की गई जिसके दौरान भारी भीड़ ने निगम की टीम के साथ अभद्रता एवं मारपीट करने पर उतारू हो गए। इस दौरान डॉ. राकेश कलोरिया एवं स्थानीय थाने की पुलिस ने तुरंत स्थिति को सभालकर अवैध मीट मांस की दुकानों पर कार्रवाई को अंजाम दिया इस दौरान दुकानों से 50 किलो मीट मांस जप्त कर रासायनिक दृष्टि से निस्तारण किया गया 3 मीट मांस की दुकानों पर कार्रवाई करते हुए अस्थाई ताला लगाकर बंद किया गया।



## प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में कक्षा 3 से 10वीं के विद्यार्थियों हेतु अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षावार टेस्ट सीरीज व प्री-बोर्ड में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों तथा विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड्स में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा ने सेल्फ स्टडी पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से कहा कि मेंटल एबिलिटी और मैथ्स जैसी विषयगत दक्षताएँ भविष्य की सफलता की मजबूत नींव रखती हैं। कार्यक्रम में प्रिंस एकेडमी प्रबंध निदेशक एम. आर. अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, कोर्डिनेटर्स व शिक्षकों सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स व हजारों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौथी पुण्यतिथि पर व्याख्याता ने विद्यालय विकास के लिए दिया सहयोग

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक छिलरी के व्याख्याता संदीप कुमार ने अपने पिता स्वर्गीय केदारमल कुमावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय विकास के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। यह राशि मुख्यमंत्री ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से दान की गई। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने बताया कि स्वर्गीय केदारमल कुमावत एक आदर्श शिक्षक थे। वे अपने जीवनकाल में भी अपने गांव के विद्यालय को निरंतर सहयोग प्रदान करते रहते थे।



उनके उत्कृष्ट संस्कारों को उनके पुत्र संदीप कुमार ने अपनाया है। उन्होंने बताया कि संदीप कुमार प्रतिवर्ष अपने पिता की पुण्यतिथि पर विद्यालय को सहयोग राशि प्रदान करते हैं। जिससे विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास कार्यों को गति मिलती है। विद्यालय परिवार ने इस प्रेरणादायक पहल के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर व्याख्याता मुकेश शर्मा, संजय सैनी, मनोज कुमार, वरिष्ठ अध्यापक सतीश कुमार पालीवाल, नरेश रोलन, सुरेंद्र व अध्यापक ओमप्रकाश उपस्थित रहे।

# आईपीआर सेल गठन की घोषणा सराहनीय



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य बजट में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर आईपीआर-टीटी सेल के गठन की घोषणा निश्चित रूप से बेहद सराहनीय है। ये कहना है जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार एंड सीएफओ सीए केके माहेश्वरी का। वे राज्य बजट पर चर्चा में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। माहेश्वरी ने कहा कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन होने की स्थिति में प्रदेश के स्टूडेंट्स उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा दी गई इस योजना के लिए सदैव उन्हें याद करेंगे। दरअसल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स मानव बुद्धि से निर्मित मौलिक रचनाओं, जैसे आविष्कारों, साहित्यिक, कलात्मक कार्यों, प्रतीकों, नामों और डिजाइनों पर रचनाकार को मिलने वाला कानूनी अधिकार है। यह अधिकार रचनाकारों को उनके काम का अनाधिकृत उपयोग रोकने और उससे आर्थिक लाभ कमाने की सुरक्षा प्रदान करते हैं। ऐसे में प्रदेश में 50 शिक्षण संस्थानों में आईपीआर-टीटी सेल की स्थापना होने पर शिक्षण के क्षेत्र में गुणवत्ता के साथ ही पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट जैसे जरूरी आयामों पर बेहतर कार्य हो सकेगा। इसके अतिरिक्त बजट में प्रदेश में 30 करोड़ की लागत से टेक्नो हब बनाए जाने का प्रस्ताव भी निश्चित रूप से सरकार का सराहनीय कदम है। कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए शुरू किए जाने वाले ड्रीम प्रोग्राम की योजना हजारों स्टूडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। बजट में युवाओं की शिक्षा एवं टेक्नोलॉजी से अपडेट करने के लिए लाई गई तमाम योजनाएं प्रशंसनीय है।

## सिंचाई पानी की मांग को लेकर किसानों का महापड़ाव

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** सिंचाई के पानी की मांग को लेकर तारानगर क्षेत्र के गाजुवास माइनर के किसानों ने नहर विभाग कार्यालय में गुरुवार को उग्र प्रदर्शन किया। विभिन्न गाँवों से अपने अपने ट्रैक्टर के साथ आये किसानों ने विभाग के आगे जमकर नारेबाजी की। किसानों ने ट्रैक्टरों को कार्यालय परिसर में घुसाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस प्रशासन ने ट्रैक्टरों को घुसने नहीं दिया।

सीआई सतपाल बिश्नोई ने किसानों ने समझाइस कर ट्रैक्टरों को बाहर ही रुकवा दिया। ट्रैक्टर बाहर खड़े कर सारे किसान नहर विभाग में घुस गए और विभाग के अधिकारियों व सरकार के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाने



शुरू कर दिए, ततपश्चात किसान नीचे बैठे गए एवं धरना शुरू कर दिया। किसानों ने चेतावनी दी है कि जब तक गाजुवास माइनर में पानी नहीं छोड़ा जाएगा तब तक हमारा पड़ाव जारी रहेगा। इस मौके पर उमराव सहारण, राजू, हरिसिंह बेनीवाल, श्रवण कुमार, महेन्द्र सुथार, बीरबल मेहरा, भंवर लाल, शंकर कस्वां, उदराम, उदयभान सहित सैकड़ों किसान धरने पर बैठे। उधर सुरक्षा को लेकर सी आई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी करने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि चाकसू थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले शातिर वाहन चोर अंकित चौधरी 28 निवासी कोथून चाकसू को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों के खुलासे की भी उम्मीद जताई जा रही है।

## पानी पीने का झांसा दे बदमाश ने उड़ाई बुजुर्ग महिला की चेन

जयपुर (नवयत्न)। शिप्रापथ थाना इलाके में एक शातिर बदमाश ने बुजुर्ग महिला से विनम्र भाव से पीने का पानी मांगा और मौका मिलते ही बुजुर्ग महिला के गले पर झपटा मार सोने की चेन तोड़कर फरार हो गया। 90 वर्षीय महिला मदद के लिए किसी को पुकारती इससे पहले शातिर बदमाश आंखों से ओझल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बेटे की शिकायत पर अज्ञात चेन स्नेचर के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी हरेश कुमार अग्निहोत्री ने मामला दर्ज कराया है कि उसकी 90 वर्षीय मां गंगा देवी घर पर अकेली थी। इसी दौरान अज्ञात बदमाश घर के सामने पहुंचा और गंगा देवी से विनम्र भाव से पीने का पानी मांगा। गंगादेवी जैसे ही पानी लेकर घर से बाहर आई, शातिर बदमाश गले पर झपटा मार चेन तोड़कर फरार हो गया। बुजुर्ग महिला ने आरोपी को पकड़ने के लिए शोर मचाया। लेकिन कोई मदद के लिए आता इससे पहले शातिर बदमाश कार में बैठकर फरार हो गया। पुलिसने कॉलोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

**कार्यालय नगर पालिका पलसाना (सीकर) राज0**

क्रमांक :न.पा.प / 2025-2026 / 1103 — दिनांक:- 10.02.2026

**बोली आमंत्राण सूचना**

नगरपालिका पलसाना की ओर से नगरपालिका क्षैत्र में कार्य करवाये जाने हेतु उपयुक्त श्रैणी में विभिन्न राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से बोली आंमत्रित की जाती है। बोली की विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। यूबीएन क्रमांक द्वारा देखी जा सकती है :-

(DLB2526WSOB33584)

राज.संवाद / सी / 25 / 19700 — अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद फतेहपुर शेखावाटी-सीकर**

क्रमांक-न.प.फ. / 2025-26 / 954 — दिनांक - 09.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर परिषद फतेहपुर द्वारा ई - निविदा सूचना आमंत्रित करती है। जिसमें पंजीकृत ठेकेदार निविदा में भाग ले सकते है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण दिनांक 05.02.2026 से वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in or https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी व डाउनलॉड की जा सकती है।

| क्र.सं. | TENDER UBN No. | निविदा समाप्ति दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526GLOB33061 | 16-02-2026 | 17-02-2026 |

राज.संवाद / सी / 25 / 19706 — आयुक्त, नगर परिषद फतेहपुर

# पुलिस मुख्यालय में विशेष बैठक में पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा के पुख्ता प्रबंध करने के संबंध में हुई चर्चा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राज्य में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा के पुख्ता प्रबंधों को सुनिश्चित करने और पर्यटकों की यात्रा को सरल व सुगम बनाने की दृष्टि से गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में पुलिस व पर्यटन विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए पुलिस, प्रशासन व पर्यटन विभाग में समन्वय स्थापित करते हुए पर्यटकों की सुविधाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश प्रदान किए गए । पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बैठक में राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए पर्यटन स्थलों पर स्थापित पर्यटक सहायता बल टीएएफ को और सुदृढ़ करने, पर्यटन थानों की संख्या बढ़ाने और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए अपेक्षित पुलिस बल लगाने और इन्हें उचित प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाल ही में पर्यटन विकास के लिए बजट में दी गई स्वीकृति पर कार्ययोजना तैयार करने व पर्यटन स्थलों पर विशेष त्यौहारों, मेलों के साथकृसाथ सामयिक आयोजनों में भी पर्यटन विभाग की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य भर के विभिन्न धार्मिक पर्यटन स्थलों यथा खाटू श्यामजी, मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी, रामदेवरा, गोगामेड़ी, पुष्करजी, श्रीनाथद्वारा, सांवरियाजी आदि में कुशल प्रबंधन के लिए देवस्थान, पुलिस व प्रशासन मिलकर कार्य करें और पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्थाएं करें। बैठक में डीजी ट्रेफिक अनिल पालीवाल ने पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के साथकृसाथ विभिन्न दूतावासों से संपर्क कर पर्यटन आमंत्रण की बात कही। आईजी अजयपाल लांबा ने डीजीआईजी कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए राज्य के पर्यटन स्थलों पर अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों को नियोजित करनेए एक ही स्थान पर समस्त सरकारी कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पर्यटन स्थलों पर अधिकाधिक सीसीटीवी कवरेज करनेए पांच डेस्टिनेशन जहां सबसे ज्यादा ट्यूरिस्ट आते हैं वहां पर्यटन थाना बनाने, ट्यूरिज्म के नेशनल पोर्टल पर राज्यों के पोर्टल को लिंक करने आदि के सुझावों की जानकारी दी। बैठक के आरंभ में पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटन आयुक्त रूकमणि रियाड ने पर्यटन स्थलों की वर्तमान स्थिति और यहां पर विभाग द्वारा पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए विभाग द्वारा तैयार की गई प्रचार सामग्रीए बूथ डिजाइन, प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गत बैठक की अनुपालना में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में टीएएफ और पुलिस समन्वय के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को अपनी रूटिन पेट्रोलिंग दौरान टूरिस्ट साइट को भी कवर करने के लिए कहा गया है।



### खाटूश्यामजी मेले में विशेष प्रबंध करने के निर्देश

डीजीपी शर्मा ने खाटूश्यामजी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पर्यटन पुलिस और टीएएफ की ओर से विशेष प्रबंध किए जावें। उन्होंने पर्यटकों की सुविधा के लिए जगह-जगह पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए नियंत्रण कक्ष नंबर, पुलिस हेल्पलाइन 112, राजकॉप सिटीजन एप आदि के लिंक इत्यादि दर्शाती हुई स्टेंडीज व टीएएफ की ओर से विशेष सहायता बूथ स्थाापित करने के निर्देश दिए और कहा कि टीएएफ की उपस्थिति दिखनी चाहिए।

### पर्यटकों को मिले सभी बेहतर सुविधाएं

डीजीपी शर्मा ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुरूप आमेर की केस स्टडी में आई अपेक्षाओं को समस्त पर्यटक स्थलों पर लागू करने की बात कही। उन्होंने सभी पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के साथ.साथ पर्यटकों को स्वच्छ वातावरण और आवागमन के लिए व्यवस्थित सड़क सुविधा के साथ.साथ पर्यटकों के लिए अपेक्षित सूचनाओं की उपलब्धता के संबंध में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों के साथ-साथ रेल्वे स्टेशनए हवाई अड्डा और अन्य स्थानों पर पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटक सहायता बूथ स्थापित हो जहां पर पर्यटक किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संपर्क कर सकें। उन्होंने इस बूथ पर रोडमेप व समस्त सूचनाओं युक्त क्यूआर कोड व हेल्पलाईन नंबर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अलग-अलग देशों से आने वाले पर्यटकों को पर्यटन स्थलों की जानकारी देने वाले विभिन्न भाषा वाले साईन बोर्ड लगाने के साथ.साथ विदेशी भाषाओं का कोर्स करने वाले युवक.युवतियों को बतौर लेग्वेज एक्सपर्ट्स नियुक्त करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने पर्यटकों की आकस्मिक चिकित्सा के लिए व्यवस्था भी उपलब्ध कराने व महिला पुलिसकार्मिकों व गाईड उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी.के.सिंह, एडीजी ट्रेफिक बीएल मीणा सहित पर्यटन, आरटीडीसीएआमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण, नगर निगम और संबंधित पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## डीजीएस वार्षिकोत्सव एलैसिया 15 फरवरी को

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** डूंडलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा में वार्षिक उत्सव एलैसिया 2026 का भव्य आयोजन 15 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। विद्यालय परिसर में इस समारोह को लेकर उत्साह, उमंग और व्यापक तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह कार्यक्रम छात्राओं की प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों को समर्पित एक भव्य उत्सव होगा, जिसमें शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं फिल्म प्रोड्यूसर सोनू सूद अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्षा खड़के, यूनियन मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया करेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार नरेश कुमार कुमावत समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं को बेस्ट डांसर, बेस्ट एकेडमिक, रेगुलैरिटी, ऑल-राउंड परफॉर्मेंस सहित विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, समूह नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन एवं विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो समारोह को अत्यंत आकर्षक और यादगार बनाएंगे तथा छात्राओं की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कला कौशल को मंच प्रदान करेंगे। विद्यालय सचिव बी. एल. रणवा ने बताया, एलैसिया 2026 का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच का विकास करना है। यह मंच उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विद्यालय प्राचार्या इंदु सोनी ने कहाए श्यह कार्यक्रम केवल पुरस्कार वितरण नहीं, बल्कि हमारी छात्राओं की शिक्षा, कला और संस्कृति में उत्कृष्टता का उत्सव है। हम चाहते हैं कि वे बड़े सपने देखेंए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें।

## राष्ट्रीय स्कूली बाक्सिंग प्रतियोगिता में टीना ने जीता कांस्य पदक

निसं



**तारानगरण (नवयत्न)।** 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली बाक्सिंग प्रतियोगिता में स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी तारानगर की खिलाड़ी टीना ने कांस्य पदक जीता है। स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक सुशील दाधीच ने बताया कि कोच चिंकित शर्मा के निर्देशन में ट्रेनिंग करने वाली खिलाड़ी टीना ने 69वीं राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्कूली प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक जो कि बंगलौर की सेंट कलारेट प्रि. यूनिवर्सिटी में आयोजित हुई। स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी के पदाधिकारियों ने टीना को पदक जीतने पर बधाईयाँ दी

## कच्चे रास्ते पर सड़क निर्माण की मांग

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी को कॉमरेड जगदीश नाथ ने ज्ञापन सौंपकर इंद्रगिरी आश्रम के रास्ते से होकर गोपालपुरा तक सड़क निर्माण करवाने की मांग की है। ज्ञापन में जगदीश नाथ ने बताया है कि इस रास्ते पर कई जगह बारिश के सीजन में काफी पानी भर जाता है, जिससे यहां पर रहने वाले किसानों, राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए जल्द से जल्द इंद्रगिरी आश्रम से मेगाहाईवे जाने वाले रास्ते पर गोपालपुरा तक सड़क निर्माण करवाया जावे।


## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रताप नगर थाना इलाके में स्थित महाराणा प्रताप सर्किल के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से साइकिल सवार युवक को घायल अवस्था में महात्मा गांधी अस्पताल भिजवाया। जहां पर उपचार दौरान युवक ने दम तोड़ दिया । मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बताया कि महाराणा प्रताप सर्किल के समीप सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे उत्तर प्रदेश के हाथरस निवासी इतवारी 45 साइकिल से मेवाड़ अपार्टमेंट की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार युवक इतवारी गंभीर रुप से घायल हो गया था। राहगीरों ने एम्बुलेंस की मदद से उसे महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराय। जहां पर उपचार दौरान बुधवार देर शाम इतवारी ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मृतक इतवारी पिछले दो महीने से अपनी पत्नी के साथ जयपुर में रह रहा था और सुबह-सुबह गाड़ियों की साफ-सफाई करता था। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पिकअप चालक की तलाश शुरु कर दी है।

## सवर्ण समाज की ओर से यूजीसी कानून के विरोध में मशाल जुलूस कल

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** सवर्ण समाज की ओर से 14 फरवरी 2026, शनिवार को यूजीसी कानून के विरोध में सायं 6 बजे विशाल मशाल जुलुस निकाला जाएगा । क्षेत्र के समस्त सवर्ण जाति के लोगों से अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर यूजीसी के काले कानून के खिलाफविरोध प्रदर्शन मे जरूर पधारने आग्रह किया गया है। मशाल जुलुस सरस्वती मैरिज गार्डन के पास स्थित अग्रसेन भवन से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य बाजारों से गुजरते हुए चौपड बाजार श्रीमाधोपुर मे समापन होगा।

विजया एकादशी स्पेशल

## राधा गोविंद मंदिरों में सजेगी झांकीयां

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर विजया एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा और पीली चीजों का दान करना शुभ होता है। इससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती हैं। ज्योतिषाचार्य श्रीकृष्ण चंद्र शर्मा ने बताया कि विजया एकादशी का व्रत को शास्त्रों में सर्वोत्तम माना गया है। क्योंकि, यह इकलौता ऐसा व्रत है जिसका पुण्य दूसरे व्यक्ति को भी दान कर सकते हैं। साथ ही इस व्रत को करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। एकादशी का व्रत 13 फरवरी, शुक्रवार को रखा जाएगा। मान्यता है कि इस व्रत को करने से व्यक्ति अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है। इस व्रत को करने और भगवान के मंत्रों का जप करने से जीवन में आ रही कठिनाइयां दूर होती हैं। साथ ही सफलता का रास्ता आसान हो जाता है। वही एकादशी का व्रत करने वालों को शत्रुओं पर सफलता प्राप्त होती है। साथ ही तरक्की में आ रही बाधाएं भी दूर होती है। साल भर में पड़ने वाली 24 एकादशी तिथि में विजया एकादशी का व्रत का अत्यधिक महत्व इसलिए माना गया है, क्योंकि इस व्रत को भगवान श्री राम ने लंका विजय से पहले किया था। मान्यता है कि इस व्रत को करने साधक के जीवन से जुड़े सभी रोग-शोक दूर होते हैं और वह अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है। विजया एकादशी व्रत के पुण्य प्रभाव से व्यक्ति को कोर्ट-कचहरी के मामले में जीत हासिल होती है। शर्मा के अनुसार जब भी एकादशी तिथि सूर्योदय के समय लगती है तब विजया एकादशी का व्रत किया जाता है। इसलिए विजया एकादशी का व्रत 13 फरवरी को ही करना शास्त्र सम्मत बताया गया है।

इस मौके पर शहर के राधा गोविंद देव जी मंदिर सहित सभी जगह विशेष भजन संध्या का आयोजन होगा। भगवान की विशेष झांकियां सजाई जाएगी। ज्योतिषाचार्या ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि विजया एकादशी का व्रत भगवान राम ने भी किया था। जब भगवान राम लंका के रास्ते पर थे उस समय समुद्र के तट पर अपनी सेना के साथ मिलकर भगवान राम ने विजया एकादशी का व्रत किया था। तभी से इस एकादशी का नाम विजया एकादशी पड़ा। इस दिन जातक सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। इसके बाद भगवान विष्णु का ध्यान करें और की प्रतिमा स्थापित करें। इसके बाद सबसे पहले भगवान विष्णु को चंदन लगाएं और वस्त्र अर्पित करें। अब भगवान को पीले रंग की चीजों का भोग लगाएं उन्हें पीली मिठाई और गुड़ चने का भोग लगाए। इसके बाद भगवान विष्णु का ध्यान करते हुए उनके मंत्रों का जप करें। विजया एकादशी व्रत कथा का पाठ करें और फिर आरती करने के बाद अंत में सभी को प्रसाद वितरित करें ।

## सीआईडी क्राइम ब्रांच ने यूपी में घेराबंदी कर दबोचा 15 हजार का ईनामी

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी सीबी विंग ने वर्षों से फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफचला, जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। जयपुर पुलिस के लिए सिरदर्द बना और 15 हजार का ईनामी बदमाश पप्पू नाई अब सलाखों के पीछे है। शातिर अपराधी पिछले 8 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा था, जिसे टीम ने मथुरा के बरसाना से धर दबोचा। एसपी ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी पप्पू पुत्र नत्थी नाई उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में अपनी पहचान छिपाकर नाई की दुकानों पर बाल काटने का काम करता था, ताकि किसी को शक न हो। हालांकि, सीआईडी सीबी की टीम लगातार उस पर नजर रखे हुए थी। टीम को सूचना मिली कि वह अपने भाई की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए बरसाना आया हुआ है, जिसके बाद पुलिस ने गोवर्धन.छाता रोड पर जाल बिछाकर उसे दबोच लिया।

### ट्रैक्टरों की खरीद-फरोख्त में जालसाजी

इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड छोटू खां था, जिसके साथ मिलकर पप्पू नाई ने धोखाधड़ी का जाल बुना था। इन लोगों ने रोशन लाल और कालूराम मीणा नामक दो व्यक्तियों को अपना निशाना बनाया। आरोपियों ने उनसे 8 .33 लाख प्रति ट्रैक्टर की दर से सौदा किया, लेकिन केवल 73 हजार देकर फर्जी कागजात तैयार करवा लिए। इसके बाद न तो बैंक की किस्तें भरीं और न ही मालिकों को पैसा दिया, बल्कि कूटरचित दस्तावेजों से ट्रैक्टरों को खुर्द .बुर्द कर दिया। यह पूरी सफलता एसपी मैत्रेयी के कुशल सुपरविजन में मिली है। उप निरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने भरतपुर, अलवर और डीग में सूचनाएं संकलित कीं। इस टीम में एएसआई शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, कांस्टेबल बृजेश कुमार, नरेश कुमार और थाना सांगानेर सदर के कांस्टेबल पवन की विशेष भूमिका रही। टीम की मुस्तैदी के कारण ही 2018 से सांगानेर सदर थाने में दर्ज दो गंभीर मामलों का यह वांछित अपराधी पकड़ा गया। फिलहाल आरोपी को सांगानेर सदर थाना पुलिस को सौंप दिया गया है, जहाँ उससे पूछताछ में अन्य कई वारदातों और गिरोह के सदस्यों के खुलासे होने की उम्मीद है।

## खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य टीम ने किया सॉस फैक्ट्री से एक हजार किलो सॉस सीज

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान खाद्य सुरक्षा एवं और स्वास्थ्य टीम टीम ने गुरुवार को मुहाना मंडी स्थित मैसर्स श्री श्याम फुड इंडस्ट्री पर कार्यवाही कर मिलावट के संदेह पर एक हजार किलो सॉस सीज किया। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि इस फैक्ट्री से उत्पादित श्री श्याम ब्रांड सॉस का नमूना जांच रिपोर्ट में अनसेफ पाया गया था। जिस पर रिकॉल और रिसेंपलिंग के निर्देश पर टीम इस फैक्ट्री पर पहुंची। मौके पर टीम द्वारा स्नैक्स सॉस और रेड चिली सॉस के नमूने लेकर शेष एक हजार किलो सॉस में कलर मिला होने एवं अन्य कोई मिलावट होने का संदेह होने पर जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक सीज किया गया। मौके पर फैक्ट्री में विभिन्न प्रकार के फ्लेवरएसॉसएआचार आदि लगभग 150 किलो एस्पायर पाए गए। जिन्हें मौके पर नष्ट करवाया गया। फैक्ट्री में बहुत गंदगी पाई गई, फुड हैंडलर्स का मेडिकल फिटनेसएपानी की जांच रिपोर्ट, पेस्ट कंट्रोल नहीं करवाया गया था। जिसके लिए फर्म के प्रोपराइटर सुनील पारीक को उक्त कमियां दुरुस्त करने के लिए पाबंद किया गया एवं फर्म को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नोटिस जारी किया जाएगा। इस कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी एवं राजेश नागर एवं प्रोबेशनरी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम शामिल रही।

## महंगाई पर चुप सरकार और बजट में राहत गायब : खाचरियावास



**जयपुर (नवयत्न)।** पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने राज्य सरकार के हालिया बजट को पूरी तरह दिशाहीन और जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार का चौथा बजट है, लेकिन प्रदेश में विकास का कोई ठोस असर दिखाई नहीं देता। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त चर्चा के बजट पेश कर सरकार ने लोकतांत्रिक परंपराओं की अनदेखी की है। जयपुर के लगभग 3000 करोड़ के प्रोजेक्ट रद्द किए जाने पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा है कि जो योजनाएं शहर को आगे ले जा सकती थीं। उन्हें बंद कर दिया गया। अब सिर्फ खोखले वादे किए जा रहे हैं। रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि लाखों संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की राह देख रहे हैं, लेकिन बजट में उनके लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं है। युवाओं को नौकरी चाहिए, जुमले नहींए उन्होंने तीखी टिप्पणी की। महंगाई, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अनदेखी पर भी उन्होंने सरकार को घेरा और कहा कि यह बजट आमजन को राहत देने में पूरी तरह विफल रहा है। खाचरियावास ने मांग की कि सरकार घोषणाओं की राजनीति छोड़कर जमीन पर काम करे और जनता को समयबद्ध व पारदर्शी परिणाम दे।

# सावधान : फास्टैग एनुअल पास के नाम पर खाली हो सकता है आपका खाता

## गूगल पर नंबर-1 दिखने वाली वेबसाइट भी हो सकती है फर्जी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** यदि आप अपने वाहन के लिए एनएचएआई फास्टैग का एनुअल पास बनवाने की सोच रहे हैं तो सतर्क हो जाइए। साइबर ठगों ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की हूबहू नकल कर ठगी का नया तरीका अपना लिया है। महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध संजय अग्रवाल ने एडवाइजरी जारी कर आमजन को इस फिशिंग छलपूर्वक जानकारी हासिल करने घोटाले से सावधान रहने की अपील की है।

### गूगल सर्च के शीर्ष परिणाम में छिपा ठगी का जाल

डीजीपी अग्रवाल ने बताया कि साइबर अपराधी अब गूगल विज्ञापन और सर्च इंजन अनुकूलन तकनीक का इस्तेमाल कर अपनी फर्जी वेबसाइटों को सर्च इंजन में सबसे ऊपर रैंक-1 दिखा रहे हैं। आमतौर पर लोग गूगल पर दिखाई देने वाले पहले लिंक को असली मान लेते हैं, जबकि अपराधी पैसे देकर अपनी फर्जी साइट को प्रायोजित टैग के साथ ऊपर दिखाते हैं।

इन वेबसाइटों का डिजाइन और लोगो असली एनएचएआई पोर्टल जैसा ही होता हैए जिससे पहचान करना मुश्किल हो जाता है। एडवाइजरी के अनुसार फर्जी वेबसाइटें एनुअल पास के लिए करीब तीन हजार रुपये का भुगतान मांगती हैं। भुगतान के लिए वहां एक क्यूआर कोड दिया जाता है। जैसे ही कोई व्यक्ति इसे स्कैन करता हैए राशि सरकारी खाते में जाने के बजाय अपराधियों के फर्जी खातों में स्थानांतरित हो जाती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भुगतान कभी भी किसी व्यक्ति विशेष के नाम पर नहीं मांगे जाते।

### असली और नकली की पहचान ऐसे करें

पास खरीदने या नवीनीकरण के लिए केवल श्राजमार्ग यात्रा आधिकारिक मोबाइल अनुप्रयोग या अधिकृत बैंक पोर्टल का ही उपयोग करें। यदि क्यूआर कोड स्कैन करते समय किसी व्यक्तिगत नाम, जैसे श्सरिता देवीश् या अन्य व्यक्ति का नाम दिखाई देए तो तुरंत भुगतान रोक दें। ऑनलाइन भुगतान के दौरान किसी भी संदिग्ध लिंक के माध्यम से अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें।

## साइबर क्राइम डीजीपी ने जारी की चेतावनी

### ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

यदि आप इस प्रकार की ठगी का शिकार हो जाते हैं तो बिना समय गंवा, तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा राजस्थान पुलिस के विशेष हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 या 9257510100 पर भी सूचना दी जा सकती है।

शिकायत भारत सरकार के पोर्टल साइबर अपराध डॉट जीओवी डॉट इन पर भी दर्ज कराई जा सकती है। राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि डिजिटल लेनदेन के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध वेबसाइट या लिंक पर भरोसा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता अवश्य जांच लें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190